कोटद्वार,गुरूवार
11 जनवरी 2024
वर्ष: 45
अंक: 250 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI-35469/79

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल
डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## अगले 48 घंटों में गिरेगा दो से तीन डिग्री पारा, उत्तर भारत में धूप के बाद भी चलेगी शीतलहर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले 48 घंटे में उत्तर भारत के सभी इलाकों में न्यूनतम पारा दो से तीन डिग्री के करीब और नीचे गिर जाएगा। जबकि दिल्ली और एनसीआर समेत कुछ हिस्सों में गुरुवार और शुक्रवार को धूप तो निकलेगी, लेकिन गलन वाली ठंड में कोई कमी नहीं होगी। अगले 48 घंटे के भीतर बने साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते मौसम में इस तरीके की तब्दीलियां देखी जा सकती हैं। वहीं कोहरे को लेकर विभाग का अनुमान है कि पिछले हफ्ते की तरह ही इस बार भी लगातार कोहरा पड़ता रहेगा।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक बुधवार की दोपहर उत्तर भारत के कई इलाकों में धूप निकली, लेकिन ठंड में कोई कमी दर्ज नहीं हुई। दोपहर दो बजे के बाद से पंजाब समेत हरियाणा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज हुई और गलन जैसी ठंड की चपेट में आ गए। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के मुताबिक भारतीय महासागर के कुछ हिस्सों में साइक्लोनिक सर्कुलेशन की वजह से कम दबाव की परिस्थितियां बनी हुई हैं। इसके चलते तापमान में कमी दर्ज हुई है। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले 48 घंटे के भीतर अब न्यूनतम पारे में भी दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज हो सकती है।

# भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती सरकार के दस साल के सुधारों का परिणाम: पीएम

**गांधीनगर, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को विश्वास जताया कि भारत अगले कुछ वर्षों में दुनिया की तीन सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में स्थान बना लेगा और भारतीय अर्थव्यवस्था की आज दिख रही मजबूती उनकी सरकार के 10 साल के बुनियादी आर्थिक सुधारों का परिणाम है।

पीएम मोदी 10 वें वाइब्रेंट गुजरात सम्मेलन का उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने सम्मेलन में दुनियाभर से जुटे राजनेताओं, नीति–नियामकों और उद्यमियों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत एक भरोसेमंद भागीदार है और दुनिया इसे स्थिरता के एक मजबूत स्तंभ के रूप में देख रही है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत का बैंकिंग क्षेत्र आज दुनिया के सबसे मजबूत बैंकिंग क्षेत्रों में से एक है। सरकार ने 40 हजार से अधिक औपचारिकताओं को खत्म कर भारत में कारोबार करना आसान बनाया है तथा माल और सेवा कर (जीएसटी) के लागू करने से करों का जाल खत्म हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण का एक अच्छा वातावरण बना है।



उन्होंने भारतीय अर्थव्यवस्था के तेजी से हो रहे विस्तार के बारे में कहा, " दस साल पहले भारत 11वें स्थान पर था, आज दुनिया की हर प्रमुख रेटिंग एजेंसी का अनुमान है कि देश कुछ वर्षों में दुनिया की शीर्ष–3 अर्थव्यवस्थाओं में आ जाएगा। दुनिया के लोग जो विशेषण करते रहें, मेरी गारंटी है कि यह होकर रहेगा।"

प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ऐसे समय में जब विश्व अनेक अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है, भारत विश्व में आशा की एक नई किरण बनकर के उभरा है। भारत की प्राथमिकताएं बिल्कुल स्पष्ट हैं। आज स्वस्थ उद्योग, अवसंरचना और विनिर्माण भारत की प्राथमिकता है। पीएम मोदी ने कहा कि सरकार नए दौर के कौशल, भविष्य की प्रौद्योगिकी, कृत्रिम मेधा (एआई) और नव–प्रवर्तन को बढ़ावा दे रही है। देश ग्रीन हाइड्रोजन, नवीकरणीय ऊर्जा और सेमीकंडक्टर उद्योग को प्रोत्साहन करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्रिका विकास कर रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, "वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों से सभी लोग भली–भांति परिचित हैं। ऐसे में, आज अगर भारत की अर्थव्यवस्था में इतनी मजबूती दिख रही है और इसकी वृद्धि में सशक्त आवेग दिख रहा है, तो इसके पीछे बड़ी वजह पिछले 10 वर्षों में बुनियादी सुधारों पर हमारा फोकस है। इन सुधारों ने भारत की अर्थव्यवस्था की क्षमता, योग्यता और प्रतिस्पर्धी की शक्ति बढ़ाने का बहुत बड़ा काम किया है।"

उन्होंने कहा कि बैंकों में नई पूंजी डालने तथा दिवाला संहिता (आईबीसी) के लागू होने से हमारे बैंकिंग सिस्टम को दुनिया के सबसे मजबूत बैंकिंग प्रणाली में से एक बना दिया है। कारोबार को आसान बनाने के लिए हमने 40 हज़ार से ज्यादा औपचारिकताएं पूरा करने की जरूरत समाप्त कर दी है। पीएम मोदी ने कहा," भारत में कारोबार आसान बना है और देश विश्व के कारोबारियों के लिए पहले से अधिक आकर्षक हुआ है। जीएसटी ने भारत में विभिन्न करों के अनावश्यक जाल को खत्म किया है। भारत में हमने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण के लिए बेहतर माहौल बना है।"

पीएम मोदी ने ऑस्ट्रेलिया और यूएई जैसे बाजारों के साथ हाल में मुक्त व्यापार समझौते किए हैं, जिससे देश बाहरी कंपनियों के लिए और भी आकर्षक बन गया है। भारत इस समय बुनियादी ढांचे में अभूतपूर्व स्तर पर निवेश कर रहा है तथा पिछले दस वर्षों में पूंजीगत निवेश पांच गुना बढ़ा है। उन्होंने वैश्विक निवेशकों से कहा कि भारत ने ऊर्जा के वैकल्पिक श्रोतों के विकास में अभूतपूर्व तेजी से कदम बढ़ाया है। आज देश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तीन गुना हो गयी है जबकि सौर–ऊर्जा उत्पादन क्षमता में 20 गुना वृद्धि हुयी है। उन्होंने डिजिटल प्रौद्गिकी और सेवाओं के उपयोग में प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा," सरकार के डिजिटल भारत मिशन ने देश में जीवन और व्यवसाय–दोनों का कायाकल्प किया है। गांव–गांव तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंचाए जा रहे हैं। 5जी नेटवर्क प्रौद्योगिकी का विस्तार हो रहा है और आज हम दुनिया में तीसरे बड़े स्टार्ट अप इकोसिस्टम हैं।"

## शिंदे गुट की बड़ी जीत, 16 विधायकों के पक्ष में स्पीकर का फैसला, उद्धव को झटका

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सहित 16 विधायकों की अयोग्यता मामले में अपना फैसला सुना दिया है। अपने फैसले में विधानसभा अध्यक्ष ने जहां इन विधायकों को अयोग्य करार देने से इनकार कर दिया। वहीं, शिवसेना के शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि एकनाथ शिंदे पार्टी के संविधान के मुताबिक ही विधायक दल के नेता बने थे।

मामले में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष ने जो फैसला दिया है ये फैसला नियम और कानून के मुताबिक है। 2/3 बहुमत के माध्यम से एकनाथ शिंदे के पास 37 टछ्ध हैं, इसलिए चुनाव आयोग ने भी शिंदे की शिवसेना को असली गुट माना। उद्धव ठाकरे को बहुत झटका लगा है।



शिव सेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि मुझे बिल्कुल भी आश्चर्य नहीं है। हमने सुना था 'वही होता है जे मंजूर–ए–खुदा' होता है'... 2014 के बाद एक नई परंपरा शुरू हुई है, 'वही होता है' जो मंजूर–ए–नरेंद्र मोदी और अमित शाह होता है। यही हम महाराष्ट्र में होते हुए देख रहे हैं... यह नैतिकता का एक दुर्भाग्यपूर्ण समझौता है। कुछ ऐसा किया जा रहा है जिसे सुप्रीम कोर्ट ने 'अवैध' और 'असंवैधानिक' करार दिया था 'कानूनी' हो गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके साथ ही स्पीकर ने भरत गोगावले की व्हिप के रूप में नियुक्ति को वैध ठहराया है। स्पीकर ने 1200 पन्नों के फैसले को पढ़ते हुए कहा कि सुनील प्रभु को जब चीफ व्हिप नियुक्त किया गया था, तब पार्टी का विभाजन हो चुका था। चूंकि चुनाव आयोग ने शिंदे गुट को ही असली शिवसेना माना है, ऐसे में चीफ व्हिप के रूप में भरत गोगावले की नियुक्ति सही है। सुनील प्रभु को विधायक दल की बैठक बुलाने का अधिकार नहीं था। विधानसभा स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधायकों की अयोग्यता की याचिका खारिज कर दी। उन्होंने कहा कि शिंदे गुट के विधायक अयोग्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें अयोग्य ठहराने का कोई वैध आधार नहीं है। स्पीकर राहुल नार्वेकर ने विधायकों की अयोग्यता की याचिका खारिज कर दी।

## बिना बारिश और बर्फबारी के रंवाई घाटी में बागवानी चौपट

**उत्तरकाशी(सं)।** क्षेत्र के बागवानों को मौसम की मार ने चिंता में डाल दिया है। गत छह माह से रवांई घाटी में बारिश एंव बर्फबारी न होने के कारण इस साल रवांई घाटी के बागवानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही है। बारिश न होने के कारण जहां सेब के पौधों को अनेकों बीमारियों ने अपनी चपेट में ले लिया है। वहीं सेब के पेड़ों के चिलिंग आवर्स पूरे न होने के कारण बागवानों की आगामी सेब सीजन में अच्छी फसल की उत्पादकता की उमीद भी धूमिल पड़ गयी है। पुरोला ब्लॉक के करड़ा क्षेत्र के सेब बागवान प्रमोद गोयल,राम प्रसाद,कपिल,जसबीर, विनोद प्रकाश ,नैपाल सिंह,बिजेन्द्र रावत आदि लोगों का कहना है कि जनवरी का पहला हफ्ता गुजर चुका है,लेकिन 6 महिनें से अब तक न बारिश हुई है ओर न ही बर्फबारी के आसार नजर आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सेब को जरूरत के मुताबिक ठंडा वातावरण नहीं मिला तो सेब उत्पादन में भारी कमी आ सकती है।

### बागवानों के माथे पर चिंता की लकीरें

बागवानों का कहना है कि मौसम की मार न केवल सेब पर, बल्कि इसके साथ–साथ क्षेत्र में उत्पादित नाशपाती,पुलम व खुमानी सहित नगदी फसल मटर की फसल भी प्रभावित हो चुकी है। बारिश न होने से पौधों को जमीन से पर्याप्त नमी नहीं मिल पा रही है।

# देश की विभिन्न संस्कृतियों का गुलदस्ता है ऊधमसिंह नगर : धामी

## रूद्रपुर में आयोजित रोड शो में उमड़ा जनसैलाब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को गांधी पार्क रूद्रपुर में आयोजित नारी शक्ति वन्दन महोत्सव और सरस मेले का शुभारम्भ किया। गल्लामण्डी से गांधी पार्क तक आयोजित रोड शो में उमड़े जन सैलाब में लोगों का उत्साह देखते ही बनता था। गल्ला मंडी से गांधी पार्क तक आयोजित रोड शो में ऊधमसिंह नगर में देश की विभिन्न संस्कृतियों की विविधता देखने को मिली। इसी वजह से ऊधम सिंह नगर को मिनी भारत भी कहा जाता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ऊधमसिंह नगर जिला एक प्रकार से पूरे भारत की संस्कृतियों का गुलदस्ता है जो अनेकता में एकता की मिसाल एवं विभिन्न संस्कृतियों को अपने में समाहित करते हुए विभिन्न संस्कृतियों के समागम को दर्शाता है। यह जनपद विविध सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहरों के समावेश के साथ निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। यहां की नारी शक्ति स्वयं में सशक्त है। जिससे हमारा समाज और अधिक सुदृढ़ और विकसित हो रहा है। मुख्यमंत्री का कार्यक्रम स्थल के मुख्य गेट पर पांच कन्याओं द्वारा तिलक और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत और अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग के स्टॉल पर गिर प्रजाति की गौ माता का पूजन कर जनपदवासियों की खुशहाली, बेहतर स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की।




स्टॉलों के अवलोकन के दौरान उत्तराखंड राज्य आजीविका मिशन के स्टॉल पर मुख्यमंत्री ने चरखा में कताई कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा से लाभान्वित लाभार्थियों के साथ सीधा संवाद भी किया। मुख्यमंत्री ने मिट्टी के बर्तन और तुलसीमाला स्टॉल पर महिलाओं के इस स्वरोजगारपरक गतिविधि की सराहना करते हुए स्वयं भी इस पर अपना हाथ आजमाया और उन्हें इस कला को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नव दुर्गा की प्रतीक कन्याओं का पूजन कर प्रदेश की सुख-शांति, खुशहाली, चहुंमुखी विकास की कामना की।

# सचिव पेयजल और परिवहन अरविंद ह्यांकी ने की राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से बुधवार को राजभवन में सचिव पेयजल और परिवहन अरविंद ह्यांकी ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को जानकारी दी कि ई-गवर्नेंस के माध्यम से जनता को ऑनलाइन सेवाएं प्रदान की जा रही है। बताया कि परिवहन विभाग 58 सेवाएं ऑनलाइन की गयी है जो देश में सर्वाधिक है। वाहन चालकों की परीक्षा के लिए ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की स्थापना की गई है। वाहनों की रियल टाइम मॉनिटरिंग हेतु वाहनों में वीएलटी डिवाइस एवं आपातकालीन अलर्ट सिस्टम की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल 1,27,044 चालान एवं रूपये 2740 लाख का प्रशमन शुल्क वसूला गया वहीं वर्ष 2023-24 में माह नवंबर तक कुल 1,42,100 चालान एवं रूपये 2339 लाख प्रशमन शुल्क वसूला गया है विभिन्न बस स्टेशनों एवं कार्यशालाओं को आधुनिकीकरण किया गया है।

सचिव ने बताया कि पेयजल जल जीवन मिशन के अंतर्गत वर्तमान तक 12.85 लाख परिवारों तक पेयजल कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं। वहीं 19123 आंगनबाड़ी एवं 16439 आंगनबाड़ी केंद्रों में कनेक्शन लगाए गए हैं। नमामि गंगे कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न स्थानों पर रूपये 295.85 करोड़ की लागत से 24 स्नान घाट और 26 मोक्ष धाम को निर्माण किया गया है। वर्ष 2022-23 में नवीन स्वीकृत एसटीपी एवं आई एंड डी का कार्य माह दिसंबर 2025 तक पूर्ण किया जाना लक्षित है। गंगा की मुख्य धारा के अतिरिक्त नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद नैनीताल, देहरादून, उधम सिंह नगर एवं पौड़ी में 74.80 एमएलडी क्षमता के 13 एसटीपी रूपये 567 करोड़ की लागत से स्वीकृत किए गए हैं जिसमें 2 एसटीपी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष 11 एसटीपी का कार्य माह मार्च 2026 तक पूर्ण किया जाना है। इस अवसर पर उन्होंने अन्य जानकारी भी राज्यपाल को दीं।

# मातृ शक्ति के सहयोग के बिना समाज अथवा राष्ट्र का संपूर्ण विकास संभव नहीं : धामी

जयन्त प्रतिनिधि। देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को रूद्रपुर में आयोजित नारीशक्ति वन्दन महोत्सव में उमड़े जनसैलाब में उपस्थित मातृशक्ति का आभार व्यक्त कर सभी को आगामी उत्तरायणी पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने विभिन्न महिला समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य के निर्माण में मातृ शक्ति द्वारा दिए गए योगदान को कभी नहीं भुलाया नहीं जा सकता, मातृ शक्ति के सहयोग के बिना किसी भी समाज या किसी भी राष्ट्र का संपूर्ण विकास नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राम मंदिर आंदोलन में भी महिलाओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया था। आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने मातृ शक्ति का आवाह्न किया कि इस शुभ अवसर पर राम दीपोत्सव पर्व मनाने के लिए लोगों को जागरूक करने के प्रयास किये जाएं। 22 जनवरी को हर घर दीप जले, हर मंदिर में भगवान राम का गुणगान किया जाए। यह सम्पूर्ण देश के लिये गर्व की बात है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जो काम हो रहे हैं वे नए भारत की शानदार तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। प्रधानमंत्री ने महिलाओं को ''सुविधा के साथ सुरक्षा भी'' का सिद्धांत अपनाकर महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। आज गांव-गांव में महिलाओं को घर, शौचालय, गैस, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से जोड़ा गया। उन्होंने कहा कि बेटियों की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और अन्य आवश्यक जरूरतों पर भी सरकार पूरी संवेदनशीलता से काम कर रही है। आज देशभर में स्वयं सहायता समूहों से जुड़कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन रही हैं, उत्तराखंड में भी महिला स्वयं सहायता समूहों की बहनों ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। वर्तमान में देश में लगभग 70 लाख स्वयं सहायता समूह हैं, जिनसे लगभग 8 करोड़ बहनें जुड़ी है, पिछले 6-7 सालों के दौरान स्वयं सहायता समूहों में तीन गुना से अधिक की बढ़ोतरी हुई है। उत्तराखंड में भी महिला स्वयं सहायता समूहों ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किया है। महिलाओं में स्वरोजगार का दायरा बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर भारत के संकल्प में अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी निरंतर प्रयासरत हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### विकसित यात्रा के दौरान कैंट विधानसभा में लगाया शिविर

देहरादून, भारत विकसित यात्रा की टीम बुधवार को कैंट विधानसभा के श्री गणेश उत्सव मैदान पटेलनगर पहुंची। इस दौरान आयोजित शिविर में अलग अलग सरकारी योजनाओं के काउन्टरों पर अनेक लोगों ने आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, सभी प्रकार के लोन, सभी महत्वपूर्ण योजनाओं के फार्म भरे। लोगों को जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियां दी गई। मौके पर कैंट विधायक सविता कपूर ने महिला लाभार्थियों को मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट भी वितरित किए। इस अवसर पर कैंट विधायक ने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा आयुष्मान भारत, उज्जवला, लखपति दीदी, मुद्रा लोन, आवास योजना, मुख्यमंत्री महालक्ष्मी किट,जैसी बहुत महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल उतारा गया है। जिससे आमजन को लाभ मिल रहा है। बस हमें ध्यान रखना होगा कि कोई भी व्यक्ति इन योजनाओं से अछूता ना रहे। हम सभी को सारी योजनाएं जनता व जरूरतमंद लोगों तक पंहुचानी होगी। इसी के साथ उन्होंने भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। मौके पर मंडल अध्यक्ष सुमित पाण्डे, प्रदेश मंत्री आदित्य चौहान, कार्यक्रम जिला संयोजक रतन सिंह चौहान, मंडल महामंत्री शेखर नौटियाल, महामन्त्री विजय गुप्ता, मीडिया प्रभारी विकास बेनीवाल, अर्चना आनंद, निवर्तमान पार्षद अनिता सिंह, मीनाक्षी मौर्य, समिधा गुरुंग, बबलू बंसल, गोविंद मोहन, अर्चना आनंद, मीनाक्षी मोची, मनोज ठाकुर, नीलू साहनी, प्रदीप दुग्गल, राकेश आर्य, हरीश आनंद, हितेश सिंह, रीता विशाल, मनोज शर्मा, जगमोहन, मनीष भाटिया, विनोद तोमर, सुदर्शना बिष्ट, मुक्ता वर्मा, सुमन सिंह, अजय सिंह, धीरज ग्रोवर आदि लोग मौजूद रहे।

### नरमू की भूख हड़ताल और उरमू ने दिया धरना

देहरादून, बुधवार को दून के रेलवे स्टेशन पर रेल कर्मचारियों में गुटबाजी प्रत्यक्ष रूप से नजर आई। स्टेशन परिसर में एक ही मुद्दे पर जहां एक तरफ नार्दन रेलवे मेंस यूनियन (नरमू) की भूख हड़ताल चल रही थी, वहीं, दूसरी तरफ बुधवार को उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (उरमू) ने क्रमिक अनशन पर बैठकर धरना किया। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि मांग नहीं मानी जाती है तो वह रेल चक्काजाम करने से भी पीछे नहीं हटेंगे। रेलवे कर्मचारी पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर पूरे देशभर में आंदोलित हैं।

# मामूली झगड़े में बाल्टी से पीट-पीटकर अंडा विक्रेता की निर्मम हत्या

रुड़की। उत्तराखंड के रुड़की में अंडा विक्रेता की मामूली झगड़े में बाल्टी से पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस ने शव को पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गंगनहर कोतवाली क्षेत्र का पूर्वी अंबर तालाब निवासी आकाश उर्फ शालू (35) आईआईटी के शताब्दी द्वारा के पास अंडे विक्रेता है। सोमवार रात करीब ग्यारह बजे के आसपास आकाश के दोस्त की कुछ युवकों से कहासुनी हो गई। मामूली झगड़े में आकाश अपने दोस्त का झगड़ा शांत कराने के लिए मौके पर पहुंचा। इस बीच दोस्त के साथ झगड़ रहे युवकों ने आकाश पर हमला शुरू कर दिया।

पास में रखी एक स्टील की बाल्टी उठाई और आकाश की छाती और सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रुड़की कोतवाली के वरिष्ठ उप निरीक्षक अभिनव शर्मा ने बताया कि परिवार की तहरीर पर आरोपी अभिषेक पुत्र महक सिंह निवासी बिंदु खड़क कोतवाली झबरेड़ा समेत अज्ञात



हमलावरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने वारदात में शामिल बाल्टी बरामद की है।

पुलिस की लेटलतीफी पर उठे सवालः मृतक आकाश के परिजनों के मुताबिक झगड़े के वक्त सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची थी। लेकिन तब तक आकाश को हमलावरों ने हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। उपचार के लिए एक कार से आकाश को सिविल अस्पताल ले जाया गया था। जहां चिकित्सकों ने आकाश को चेकअप में मृतक घोषित कर लिया था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस यदि घटनास्थल पर सतर्कता दिखाई होती तो सभी हमलावर पकड़े जा सकते थे। एक हमलावर को तो परिवार के लोगों ने ही पकड़कर पुलिस को सौंपा था। यदि पुलिस समय रहते स्थिति को भांप लेती तो शायद आकाश की जान बच सकती थी और सभी हमलावर भी रात में ही पकड़े जा सकते थे।

### मेरा गांव मेरी सड़क योजना के तहत 24 सड़कें मंजूर

देहरादून, ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने मेरा गांव मेरी सड़क योजना के तहत प्रदेश में 24 सड़क को मंजूरी प्रदान की है। इससे पूर्व इस वित्तीय वर्ष में योजना में 37 सड़कें स्वीकृत की जा चुकी हैं, इस तरह अब तक 61 सड़कों को मंजूरी प्रदान की जा चुकी है। विगत वर्ष इस योजना में सिर्फ 49 सड़कें ही स्वीकृत की गयी थीं। ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने बताया कि योजना के तहत लोक निर्माण विभाग और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की परिधि से बाहर के गांवों तक एक किमी लंबी सड़क बनाई जाती है। उन्होंने कहा कि इन सड़कों के बनने से ग्रामीणों को हर मौसम में बेहतर यातायात की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा इस योजना से ग्रामीणों को स्थानीय उपज बाजार तक लाने की सुविधा होगी। जिससे कृषकों की आय में वृद्धि होगी तथा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष अन्य रोजगार के साधन भी विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि चम्पावत बिजली लाइन के लिए बजट मंजूरः मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सीएम घोषणा के अंतर्गत चम्पावत विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बजौक के कानबोर तोक, ग्राम पंचायत पोथ, ग्राम पंचायत पचनई के देवकुण्डा तोक, ग्राम पंचायत तलाड़ी के भाट पिनाना, ग्राम पंचायत मंच के मठकाण्डा तोक, ग्राम पंचायत बकोड़ा के अकेरी तोक में विद्युत लाईन के लिए एक करोड़ की धनराशि स्वीकृति की है।

### बीएमएस डिग्री घपले के मास्टर माइंड और एक भाई पर गैंगस्टर लगाई

देहरादून, बीएएमएस डिग्री घपले के खुलासे के एक साल बाद दून पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पिछले साल जनवरी में खुले इस मामले में पुलिस ने गैंग सरगना इमलाख और उसके एक भाई पर गैंगस्टर लगा दी है। इमलाख के दो भाइयों समेत आयोग के पूर्व पदाधिकारियों के नाम भी जल्द गैंगस्टर के केस में शामिल किए जाएंगे।

पिछले साल दस जनवरी को एसटीएफ ने बीएएमएस डिग्री घपले का खुलासा किया था। इसमें जांच के दौरान पुलिस ने 32 लोगों को आरोपी बनाया। आरोपियों में मुजफ्फनगर के बाबा ग्रुप ऑफ कॉलेज का मालिक इमलाख (गैंग सरगना), उसके तीन अन्य भाई, भारतीय चिकित्सा परिषद उत्तराखंड तत्कालीन चैयरमैन दर्शन शर्मा, तत्कालीन रजिस्ट्रार बीरेंद्र दत्त मैठाणी, आयोग के तीन कर्मचारी और 23 डाक्टर शामिल हैं।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी गैंग पर फर्जीवाड़े से दस्तावेज बनाकर डाक्टरों का उत्तराखंड में पंजीकरण कारने में कार्रवाई की जा चुकी है।

# देवभूमि भैरव सेवा संगठन ने किया मांस की अवैध दुकानों को बंद कराने के लिए प्रदर्शन

हरिद्वार।। नगर निगम क्षेत्र में अवैध मांस की दुकानों पर कार्रवाई को लेकर बुधवार को देवभूमि भैरव सेवा संगठन ने नगर निगम परिसर में प्रदर्शन किया। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने सहायक नगर आयुक्त का घेराव किया। साथ ही ज्वालापुर में मांस की दुकानों पर कार्रवाई न होने पर नगर निगम के कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया।

देवभूमि भैरव सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चरणजीत पाहवा ने 22 जनवरी को सभी मांस को दुकानों को बंद कराने की मांग की।

उन्होंने कहा यदि जनवरी में नगर निगम क्षेत्र में अवैध रूप से चल रही मांस की दुकानों को बंद नहीं किया गया तो भैरव सेवा संगठन नगर निगम में तालाबंदी करेगा। जिला उपाध्यक्ष विशुत्व चौहान ने कहा कि यदि नगर निगम प्रशासन अवैध मांस की दुकानों को बंद कराने में सक्षम नहीं है तो हम स्वंय बंद कराएंगे। प्रदर्शनकारियों ने सहायक नगर आयुक्त से 22 जनवरी श्रीराम



मंदिर शिलान्यास के दिन सभी मांस की दुकान बंद करने की मांग भी की। सहायक नगर आयुक्त श्याम सुंदर प्रसाद ने बताया कि इस विषय पर बैठक कर जल्द ही आगे की कार्रवाई अमल में लायी जाएगी। इस मौके पर सौरभ चौहान, विक्की, अनिल सैनी, श्याम सुंदर शर्मा, सचित, सतेंद्र, संजय मेहता, दीपक साहनी, अंबरीश, हर्ष कुमार, प्रिंस प्रजापति, चीनू, मुकेश गुप्ता, सन्नी आदि मौजूद रहे।

# निगम बनने के बाद भी भाबर की अनदेखी : नहीं जलाए जा रहे अलाव

## लगातार बढ़ रही ठंड के बाद भी भाबर की सुध नहीं ले रहा निगम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : पांच वर्ष पूर्व शहर के बेहतर विकास के सपने के साथ कोटद्वार को नगर निगम बनाया गया था। इसमें सबसे बड़ी आबादी वाले भाबर क्षेत्र को शामिल किया गया। लेकिन, नगर निगम बनने के बाद भी भाबरवासी निगम की योजनाओं से वंचित हैं। हालत यह है कि लगातार बढ़ रही ठंड में बाजार के मुख्य चौराहों पर तो अलाव जल रहे हैं। लेकिन, अलाव की गर्माहट अब तक भाबर क्षेत्र में नहीं पहुंच पाई है। जबकि, भाबर क्षेत्र में निगम की सबसे अधिक जनसंख्या रहती है।

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में लगतार ठंड का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। बावजूद इसके नगर निगम की अलाव योजना केवल बाजार क्षेत्र तक ही सिमटी हुई है। मालूम हो कि पांच वर्ष पूर्व शासन ने नगर पालिका का विस्तार करते हुए कोटद्वार को नगर निगम का गठन किया। चालीस वार्डों के इस नगर निगम में सबसे अधिक आबादी भाबर क्षेत्र में रहती है। निगम गठन के दौरान सभी वार्डवासियों को समान सुविधाओं का लाभ देने का आश्वासन भी दिया गया। लेकिन, नगर निगम की सुविधाएं बाजार क्षेत्र से बाहर नहीं निकल पा रही है। हालत यह है कि ठंड का सितम बढ़ने के साथ ही बाजार क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर अलाव तो जला दिए गए। लेकिन, अब तक अलाव की गर्माहट भाबर क्षेत्र में नहीं पहुंची। भाबर वासियों ने कहा कि नगर निगम भाबर क्षेत्र के साथ भेदभाव कर रहा है। भाबर क्षेत्र के सिडकुल स्थित जशोधरपुर औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में श्रमिक काम करते हैं। साथ ही कई बेसहारा व्यक्ति भी सड़क पर अपनी रात गुजारते हैं। ऐसे में नगर निगम को भाबर क्षेत्र के मुख्य चौराहों पर भी अलाव की व्यवस्था करनी चाहिए। कहा कि उन्होंने इस संबंध में बुधवार को नगर आयुक्त से मुलाकात की उन्होंने जल्द ही अलाव की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया है।



बाजार में ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लेते लोग

### नहीं दिखी धूप

कोटद्वार शहर में ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को जहां हल्की धूप दिख रही थी। वहीं बुधवार को शहर में पूरे दिन धुंध छाई रही। लोगों ने ठंड से बचाव के लिए अलाव का सहारा लिया। ठंड के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है।

### पहाड़ों में खिली धूप

एक ओर जहां मैदानी क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ रहा है। वहीं, पर्वतीय क्षेत्रों में गुनगुनी धूप खिली हुई है। ग्रामीणों ने अपनी घरों के बाहर बैठकर धूप का आनंद लिया। हालांकि पहाड़ों में सुबह-शाम ठंड अपना कहर दिखा रही है। धूप खिलने पर ही ग्रामीणों को ठंड से राहत मिल रही है।

## नगर पंचायत पर लगाया एनजीटी मानको की अनदेखी का आरोप

**पौड़ी** : स्थानीय व्यापारी व आरटीआई कार्यकर्ता संजय कुकरेती ने नगर पंचायत सतपुली पर एनजीटी मानकों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। कहा कि नगर पंचायत का सारा कूड़ा नयार नदी में डाला जा रहा है। जिस कारण जहां नयार नदी प्रदूषित हो रही है, वहीं स्थानीय लोगों में संक्रमित बीमारियों के होने का भय बना हुआ है। संजय ने कहा है कि नगर पंचायत के पास कूड़ा निस्तारण की कोई उचित व्यवस्था नहीं है। नगर पंचायत का सारा कूड़ा करकट नयार नदी में डाला जा रहा है। आवारा मवेशियों के शवों को भी कूड़े के ढेर में डाल दिया जाता है। पास ही राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के टीचिंग स्टाफ के साथ ही वहां पढ़ रहे छात्राओं को बीमारी होने का भय लगा रहता है। उन्होंने इस संबंध में डीएम पौड़ी को भी पत्र भेजकर उच्च स्तरीय जांच की मांग भी की है।

## डीएवी पब्लिक स्कूल के खिलाड़ियों ने जीते पदक

**कोटद्वार** : विभिन्न शहरों में स्थित डीएवी पब्लिक स्कूलों में डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में डीएवी पब्लिक स्कूल कोटद्वार के खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए पदक जीते प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने बताया कि प्रतियोगिता के अन्तर्गत बैडमिंटन, एथलेटिक्स, बालीबाल, कबड्डी, वुशु, शतरंज व फुटबॉल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। बताया कि अंडर-14 बालिका वर्ग बाक्सिंग में ऐश्वर्या सिंह ने रजत पदक जीता। वही अंडर-17 बालिका वर्ग में रितिका बडोला ने कांस्य पदक जीता। ऊंची कूद में दिव्या ने रजत व वुशु में निर्मल जुयाल ने कांस्य पदक जीता। बालीबाल में विद्यालय की टीमें सेमीफाइनल तक पहुंचने में सफल रही।

## कबड्डी प्रतियोगिता 12 से

**श्रीनगर गढ़वाल** : राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद श्रीनगर इकाई की ओर से कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। विद्यार्थी परिषद के प्रदेश सह मंत्री अमन पंत ने बताया कि 12 जनवरी को विख्यात और प्रभावशाली आध्यात्मिक गुरु स्वामी विवेकानंद की जंयती को युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय युवा दिवस पर एबीवीपी श्रीनगर इकाई की ओर से 12 से 13 जनवरी तक बिड़ला परिसर के प्रशासनिक भवन स्थित मैदान में दो दिवसीय ओपन कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। जिसमें प्रथम आने वाली टीम को 11 हजार, द्वितीय को 5100 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। (एजेंसी)

# गोरखनाथ मंदिर व शहीद स्मारक पार्क का किया भ्रमण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर की एनएसएस इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर में गुरु गोरखनाथ मंदिर और शहीद स्मारक पार्क का भ्रमण कर जानकारियां जुटाई गईं।

शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ योगाभ्यास व हनुमान चालीसा पाठ के साथ हुआ। इसके बाद स्वयं सेवियों ने सेंधीखाल स्थित गुरु गोरखनाथ मंदिर पहुंचकर दर्शन किए।

प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती और कार्यक्रम अधिकारी राजन शर्मा ने बताया कि गुरु गोरखनाथ भगवान शिव के अवतार हैं। वापसी में स्वयं सेवियों ने दुगड्डा में शहीद स्मारक स्थल का भ्रमण भी किया। प्रधानाचार्य ने चंद्रशेखर आजाद और उनके प्रमुख सहयोगी क्रांतिकारी भवानी सिंह रावत, काशीराम, धनवंतरी, विद्या भूषण, विशंबर दयाल के बारे में जानकारी दी। कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने यहां अपने साथियों के साथ निशानेबाजी का अभ्यास किया था। सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदीप नौटियाल और राकेश चमोली ने भी कई जानकारियां दीं।



मंदिर का भ्रमण करते स्वयं सेवी

## जीवन जीने की सीख देता है एनएसएस

**कोटद्वार** : राजकीय इंटर कालेज कुंभीचौड़ में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने विद्यार्थियों को एनएसएस के महत्व के बारे में बताया। कहा कि बच्चों को बेहतर जीवन जीने की सीख देता है एनएसएस। आयोजित शिविर का शुभारंभ पूर्व प्रधानाचार्य सुनील मधवाल, प्रधानाचार्य लखपत राज खुगशाल, सुनीता साही, परितोष रावत ने किया। मुख्य अतिथियों ने कहा कि सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं अनुशासन के प्रति प्रेरित किया जाएगा। मनुष्य अनुशासन में रहकर ही एक बेहतर जीवन जी सकता है। स्वयं सेवियों को राष्ट्रीय सेवा भाव के साथ कार्य करना चाहिए। हमें स्वच्छता अभियान पर भी विशेष ध्यान देना होगा। शिविर में देश व समाज में फैली कुरीतियों के लिए जनजागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। इस मौके पर दलवीर सिंह रावत, पदम सिंह रावत, मोहन धूलिया, राजेंद्र कुमार भंडारी, नीरज कुमार, मेहरबान सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# गुलदार के हमले कम करने और बचने की दी जानकारी

**पौड़ी** : वन्य जीवों के हमलों पर अंकुश लगाने को लेकर वन विभाग और तितली ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में पौड़ी में आयोजित कार्यशाला में हिस्सा ले रहे वन विभाग के कार्मिकों को जानकारी दी गई कि कैसे गुलदार हमलावर हो रहे हैं और किस तरह से इन हमलों को कम करने सहित इनसे बचा भी जा सकता है। लीविंग विद लेपर्ड थीम पर फोकस करते हुए महाराष्ट्र में कैसे इस पर कार्य किया गया और इसके परिणाम भी काफी सकारात्मक आए इसकी भी जानकारी विशेषज्ञों ने दी।

विशेषज्ञों ने बताया कि गुलदार के आवास से लेकर उनकी भोजन की परिस्थितियों में भी बदलाव आ रहा है। सामान्य तौर पर ऐसा नहीं है कि हर गुलदार आदमखोर ही होगा। गुलदार के रियाशी इलाकों में दिखाई देने का मतलब भी ऐसा नहीं हो सकता है कि वह हमला ही करेगा। कुछ विशेष हालत होते हैं जब गुलदार आसान शिकार की तरफ ही मुड़ जाता है। मसलन यदि गुलदार की उम्र अधिक हो, शिकार करने में उसके दांत सक्षम न रह गए हो तो वह आसान शिकार ही कर पाएगा। पिंजरे में कैद हो जाने के बाद गुलदार को रेस्क्यू करने से लेकर उसकी जीवनशैली से जुड़ी तमाम जानकारी इस कार्यशाला में साझा की गई। गढ़वाल वन प्रभाग के डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध ने कहा कि वन्य जीवों के हमलों पर अंकुश लगाने और हमलों को कम करने के मकसद से विभाग जन जागरूकता अभियान चला रहा है। गांवों में लोगों से इस बाबत जानकारियां जुटाई जाती हैं। वहां से मिले फीडबैक के मुताबिक आवश्यक कदम उठाए जाते है। कार्यशाला में विभागीय कार्मिकों के साथ ही ट्रस्ट के विशेषज्ञ राजेश भट्ट और संजय सौंठी ने विस्तार से इस बाबत जानकारियां दी।

## शोक में बंद रहा धुमाकोट बाजार

**पौड़ी** : रेंजर शैलेश घिल्डियाल व प्रमोद ध्यानी के असामयिक निधन पर तहसील मुख्यालय धुमाकोट बाजार में शोक सभा की गई। व्यापार मंडल धुमाकोट ने दोपहर तक शोक में सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान, दुकानें, होटल आदि बंद रखे। व्यापार मंडल धुमाकोट, क्षेत्रीय सामाजिक संगठनों ने तहसील मुख्यालय धुमाकोट बाजार में शोक सभा की व दोनों मृतक आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बुधवार को सुबह से दोपहर तक शोक में बाजार बंद रहा।

# देव भूमि को बचाने के लिए जरूरी है भू-कानून व मूल निवास

## उत्तराखंड क्रांति दल की ओर से आयोजित की गई गोष्ठी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखंड क्रांति दल ने प्रदेश के बेहतर विकास के लिए धरातल पर संघर्ष करने का निर्णय लिया है। कहा कि देव भूमि को बचाने के लिए भू-कानून व मूल निवास जरूरी है। इस दौरान दल के वरिष्ठ नेता डा. शक्तिशैल कपरवाण ने अपने पचास वर्ष का अनुभव भी सांझा किया। कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य प्रदेश के बेहतर विकास का है।

तडियाल चौक स्थित एक मॉल में बैठक का आयोजन किया गया। गोष्ठी को संबोधित करते हुए उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों के बेहतर विकास के लिए उत्तराखंड राज्य का गठन किया गया था। लेकिन, सत्ता में पहुंची केंद्रीय पार्टियों ने केवल अपने निजी स्वार्थ के लिए कार्य किया। आज भी प्रदेश की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। पहाड़ों से लगातार पलायन हो रहा है। कहा कि जिन मुद्दों पर राज्य की लड़ाई लड़ी गई थी। उन मुद्दों को राष्ट्रीय दलों की सरकारों ने हासिए पर डाल दिया है। मूल निवास प्रमाण पत्र की बाध्यता को हटाकर स्थाई निवास प्रमाण पत्र लागू करवा दिया। जिससे प्रदेश के मूल निवासी सरकारी नौकरियों से बाहर हो गए। भू-कानूनों में लचीलापन अपनाया जा रहा है। जिससे प्रदेश के अधिकांश भूमि पर बाहरी प्रदेशों के भू-माफियाओं का कब्जा हो गया है। दल के नेता डा. शक्तिशैल कपरवाण ने कहा कि उन्होंने जीवन के पचास साल उत्तराखंड राज्य के निर्माण के समर्पित किए है। राज्य तो बन गया लेकिन अब उसे बचाने की सख्त जरूरत है। इसके लिए वह लगातार धरातल पर संघर्ष करेंगे। कहा कि उत्तराखंड राज्य बन जाने के बाद राज्य से लगभग 17 लाख लोग पर्वतीय क्षेत्रों से पलायन कर गए हैं। संगोष्ठी में नागेंद्र उनियाल, सुभाष नौटियाल, सत्य प्रकाश भारद्वाज, प्रमोद काला ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर महेंद्र सिंह रावत, जगदीपक रावत, प्रवेश नवानी, गोविंद डंडरियाल, कुंवर प्रताप सिंह मौजूद रहे।



कोटद्वार में आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत

## 15 को होगा गिंदी कौथिग, तैयारियां शुरू

**सतपुली** : कल्जीखाल ब्लॉक के सांगुड़ा में गिंदी कौथिग 15 जनवरी को होगा। गेंद मेले गिंदी कौथिग की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस वर्ष हर साल मकर संक्रांति के दिन सांगुड़ा गांव में गेंद मेले का आयोजन किया जाता है। जिसमें बड़ी संख्या में प्रवासी ग्रामीणों के साथ ही स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ती है। आदिशक्ति मां भुवनेश्वरी गेंद मेला एवं जन कल्याण समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि यह ऐतिहासिक मेला 270 वर्षो से अधिक पौराणिक है। पिछले लंबे समय से होने वाले इस मेले में प्रतियोगिता सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रहती है। 15 जनवरी से होने वाले मेले में लंगूर व मनियारस्यूं पट्टी के बीच गेंद प्रतियोगिता के साथ ही रस्सा कस्सी प्रतियोगिता और महिला मंगल दल द्वारा थडिया, चौफला नृत्य के साथ ही कई कार्यक्रम आयोजित करवाएं जाएंगे।

## अलकनंदा नदी में हो रहा खनन लोगों के लिए बना नासूर

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्रीनगर क्षेत्रान्तर्गत न्यू कमलेश्वर मोहल्ला के समीप अलकनंदा नदी में पिछले कई दिनों से अवैध खनन स्थानीय लोगों के लिए नासूर बना हुआ है। लोगों के बार-बार अधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद भी खनन माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे लोगों ने खनन करोबारियों व प्रशासन के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। श्रीनगर के अलकनंदा नदी में न्यू कमलेश्वर मोहल्ला के ठीक सामने खनन हो रहा है। लोग विरोध करते हैं, अधिकारियों से शिकायत भी करते हैं, लेकिन कभी भी ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिससे लोगों में रोष है। श्रीनगर क्षेत्र के अलकनंदा नदी में अवैध खनन का धंधा फल-फूल रहा है। इस अवैध खनन से लोगों के भवनों को भी खतरा पैदा हो रहा है। स्थानीय निवासी डा. ताजबर कण्डारी, गिरीश उनियाल, आशाराम पुरी, शिवदत्त नैथानी आदि का कहना है कि रात का अंधेरा होते ही खनन करोबारी सक्रिय हो जाते हैं। प्रशासन की मिलीभगत से जेसीबी व पोकलैंड मशीनों से पूरे दिन भर नदी में जगह पत्थर व रेत खोदाई कर शासन के मानकों के मुताबिक खनन किए जाने की दुहाई दी जाती है। नदी को न्यू कमलेश्वर मोहल्ला की तरफ से खोखला किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय रहते हुए अवैध खनन पर रोक नहीं लगी तो वह उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। (एजेंसी)

## स्ट्रीट लाइट लगाने और पानी की व्यवस्था करने की मांग

**श्रीनगर गढ़वाल** : गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर की छात्र संघ सचिव आंचल राणा ने गंगादर्शन बैंड तक स्ट्रीट लाइट और पानी की व्यवस्था किए जाने की मांग की है। बुधवार को उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा से बिड़ला परिसर की छात्रसंघ सचिव आंचल राणा ने मिलकर यह मांग उठाई। कहा कि गंगा दर्शन में यात्री, युवा सहित बुजुर्ग और महिलाएं बड़ी संख्या में पहुंचकर मनोरम दृश्य का आनंद लेने पहुंचते हैं। लेकिन उस मार्ग पर न तो किसी भी प्रकार का पानी का स्रोत है और न ही कोई स्ट्रीट लाइट है। जिससे लोगों सहित सेना में जाने की तैयारी कर रहे युवाओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जल्द से मार्गों पर स्ट्रीट लाइट और पेयजल की व्यवस्था किये जाने की मांग की है। (एजेंसी)

## जल जीवन मिशन के कार्यों पर उठाएं सवाल

**श्रीनगर गढ़वाल** : विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत ग्राम महरगांव में जल जीवन मिशन की डीपीआर के अनुसार कार्य न होने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त किया है। इस संदर्भ में उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर को सौंपे ज्ञापन में महरगांव निवासी नरेंद्र सिंह ने कहा कि महरगांव में जल जीवन मिशन के अर्न्तगत फेस-2 का कार्य डीपीआर के तहत नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ना ही डी.पी.आर में चयनित पेयजल टैंक आदि स्थानों पर कार्य न कर सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है। डीपीआर में चयनित स्थानों की विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से विधिवत स्वीकृत एवं भूमि स्थानान्तरण नहीं ली गई है। इस मामले की शिकायत करने पर अधिकारियों और ग्रामीणों द्वारा लगातार षडयंत्र रचा जा रहा है। उन्होंने उक्त मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। (एजेंसी)

# प्रतियोगिता में ग्रामीण होमस्टे को भी किया शामिल : महाराज

## सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों को चिन्हित करने के लिए प्रतियोगिता की शुरुआत

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून** : ग्रामीण पर्यटन स्थलों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों को चिन्हित करने के लिए एक प्रतियोगिता की शुरुआत की गयी है। इतना ही नहीं प्रतियोगिता में इस बार ग्रामीण होमस्टे को भी शामिल किया गया है।

उक्त जानकारी देते हुए प्रदेश के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने बताया कि पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों को चिन्हित करने के लिए गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक राष्ट्रव्यापी प्रतियोगिता की शुरूआत की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि भारत सरकार द्वारा गांवों के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह एक अभिनव पहल की गई है। ग्रामीण पर्यटन स्थलों के विकास को प्रोत्साहित करने के लिए पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा वर्ष 2024 हेतु सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गांवों के साथ ही इस बार होम स्टे को भी चिन्हित एवं विकसित करने हेतु प्रतियोगिता प्रारम्भ की गयी है। प्रतियोगिता में होम स्टे के



तहत वाइब्रेंट विलेज, ग्रीन, समुदाय द्वारा संचालित होम स्टे, महिला नेतृत्व वाली इकाई, विरासत और संस्कृति पर आधारित होम स्टे, फार्म स्टे, कॉटेज, आयुर्वेदिक और कल्याण, वर्नाक्यूलर आर्किटेक्चर (एक्स) जैसे सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण होम स्टे के अलावा सभी समावेशी प्रथाओं जैसे क्लस्टर, जिम्मेदार आचरण, ट्री हाउस और विला को सर्वोत्तम ग्रामीण होमस्टे की श्रेणियों के तहत शामिल किया गया है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि विरासत, कृषि पर्यटन, शिल्प, जिम्मेदार पर्यटन, जीवंत गांव, साहसिक पर्यटन, समुदाय-आधारित पर्यटन, कल्याण श्रेणी की थीम आधारित होम स्टे सर्वोत्तम पर्यटन गांव के तहत अपना नामांकन कर सकते हैं। श्री महाराज ने कहा कि हमारे लिए यह गौरव का विषय है कि गत वर्ष 27 सितम्बर, 2023 को विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर भारत सरकार द्वारा उत्तराखंड के ग्राम सरमोली, मुनस्यारी को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम के रुप में पुरस्कृत किया गया था और इस बार भी निश्चित रूप उत्तरखंड को यह अवसर मिलेगा। पर्यटन मंत्री श्री महाराज ने कहा कि जो भी गांव और होम स्टे प्रतियोगिता में प्रतिभाग करना चाहते हैं वह वेबसाइट पर 31 जनवरी 2024 तक आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा प्रतियोगिता से संबंधित किसी भी जानकारी के लिए हमारे प्रदेश के नोडल अधिकारी एवं अपर निदेशक पर्यटन से भी संपर्क किया जा सकता है।

# नौकरी के नाम पर ठगी के मामले में दोषी को तीन साल की सजा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : नौकरी के नाम पर ठगी के मामले में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पौड़ी की अदालत ने दोषी को तीन साल की सजा सुनाई है। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मो. याकूब की अदालत ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद आरोपी विरेंद्र सिंह को इस मामले में दोषी पाया और 3 साल की सजा के साथ ही साढ़े 5 हजार का अर्थदंड भी ठोका।

शासकीय अधिवक्ता आशीष जदली ने बताया कि देवेंद्र सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उनका भाई दिलवर फरवरी 2020 में हुए दिल्ली दंगों में मारा गया। जिस पर तब कई लोगों ने उन्हें मदद पहुंचाने की बात कही। इस बीच विरेंद्र सिंह निवासी सिरणा जनपद पौड़ी ने भी उनसे संपर्क किया और उनकी मदद करने की बात कही। आरोपी ने बताया कि वह देहरादून सचिवालय में कार्यरत है और वह उसे भी सचिवालय में नौकरी लगा देगा। जिस पर आरोपी ने शैक्षिक सहित अन्य प्रमाण पत्रों की कॉपी भी ली। इसके साथ ही नौकरी के नाम पर बिना राशि भरे दो खाली चेक भी यह बताते हुए मांगे कि इनमें धनराशि कार्यालय द्वारा ही भरी जाएगी। भरोसा करते हुए देवेंद्र सिंह ने आरोपी को अपने पिताजी के जिला सहकारी बैंक के दो चेक साइन किए हुए और एक चेक बिना साइन किए हुए दिए। 30 जून 2020 को जब वह जिला सहकारी बैंक त्रिपालीसैंण में गए तो पता चला कि आरोपी ने दो चेकों के माध्यम से कुल 3 लाख 25 हजार की धनराशि निकालते हुए अपने खाते में जमा करवा ली।

शक होने पर विरेंद्र से बात की गई और उससे अपने पैसे वापस मांगे। तब आरोपी ने कुछ समय मांगा, लेकिन पैसे वापस नहीं दिए। इसके बाद थाना पैठाणी में आरोपी विरेंद्र सिंह निवासी सिरणा के खिलाफ तहरीर दी गई। जिस पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और जांच शुरू की।

## 22 जनवरी को होगा अखंड रामायण व हवन

**श्रीनगर गढ़वाल** : सिद्धपीठ कमलेश्वर महादेव मंदिर में आगामी 22 जनवरी को अखंड रामायण का पाठ किया जायेगा। इसके साथ ही यहां विशेष पूजा अर्चना भी की जाएगी। जिसके लिए मंदिर प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। विदित हो कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जानी है। इस अवसर पर श्रीनगर गढ़वाल स्थित कमलेश्वर महादेव मंदिर में भी पूजा अर्चना के साथ अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जाना तय हुआ है। कमलेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी महंत आशुतोष पुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि कमलेश्वर महादेव मंदिर से भगवान श्रीराम का गहरा नाता है। कहा कि जब उन्होंने रावण का वध किया तो उसके बाद ब्रह्म हत्या के दोष से मुक्ति पाने के लिए उन्होंने यहां भगवान शिव की आराधना की थी।

## महाराज का दो दिवसीय दौरा आज से

**सतपुली** : कैबिनेट मंत्री एवं चौबट्टाखाल के विधायक सतपाल महाराज गुरुवार से दो दिवसीय क्षेत्र दौरे पर रहेंगे। इस दौरान महाराज विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे। सतपुली मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बिष्ट, एकेश्वर मण्डल अध्यक्ष गणेश रावत ने बताया कि कार्यक्रम के तहत महाराज गुरुवार को नगर पंचायत सतपुली में चयनित लाभार्थियों के लिए उज्वलवा गैस वितरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। मंत्री इसके बाद कांडाखाल से संगवाड़ी मोटरमार्ग का शिलान्यास, शुक्रवार को एकेश्वर मंडल के क्वीराली तोक ड्यूलड गांव में पौराणिक सिद्ध मंदिर विंदेश्वर महादेव मोटर मार्ग शिलान्यास, एकेश्वर महादेव मंदिर की सुरक्षा दीवार का शिलान्यास, संगलाकोटी मोटरमार्ग का शिलान्यास करेंगे।

# मालिनी क्लब ने फारेस्ट रेंजर्स को हराया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शहीद मुकेश बिष्ट स्मृति संस्था की ओर से शहीद की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 7 के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले आरंभ हो चुके हैं। प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलों के अंतर्गत बुधवार को मालिनी क्लब कण्वघाटी और फारेस्ट रेंजर्स के मध्य मैच खेला गया। मैच से पहले मुख्य अतिथि हुकुम सिंह नेगी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।



खिलाड़ियों से परिचय लेते अतिथि

मैच में फारेस्ट रेंजर्स स्वाड की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में मोहित के 22 और अरविंद के 21 रनों के बदौलत 93 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए मालिनी क्लब ने उमेश के 30 और हिमांशु के 49 रनों की बदौलत 6.3 ओवरों में ही एक विकेट के नुकसान पर लक्ष्य प्राप्त कर लिया।

# डीएम ने एसडीएम सतपुली का वेतन रोका

## सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन हेतु दुकानों में नियमित छापेमारी अभियान चलाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व की मासिक स्टाफ समीक्षा बैठक ली। डीएम ने राजस्व विभाग की मासिक स्टाफ समीक्षा बैठक में राजस्व की कम वसूली पर एसडीएम सतपुली का वेतन रोकने व अन्य एसडीएम को चेतावनी देते हुए, राजस्व वसूली की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। डीएम ने बैठक में सब-रजिस्ट्रार द्वारा अद्यतन आंकड़े व जिलाधिकारी के सम्मुख रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं करने पर स्पष्टीकरण तलब किया।

जिलाधिकारी ने लंबित राजस्वों वादों को कोर्ट के माध्यम से समय पर निस्तारण करने के निर्देश समस्त उपजिलाधिकारी व तहसीलदारों को दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि 3 से 5 वर्षों से लंबित वादों के निस्तारण के लिए अगले 7 दिन में विशेष फोकस करते हुए मामलों का निस्तारण करें।



डीएम डॉ. आशीष चौहान बैठक में अधिकारियों को निर्देश देते हुए।

जिलाधिकारी ने लंबित भूमि मामलों का निस्तारण तेजी से पूर्ण करने के निर्देश उपजिलाधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारियों को बारातघरों की बुकिंग ऑनलाइन करवाने, सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन करने हेतु नियमित छापेमारी करने और सड़क सुरक्षा के मानकों के उल्लंघन पर चालानी कार्यवाही बढ़ाने के निर्देश दिये। धुमाकोट क्षेत्र में चैकिंग अभियान की संख्या कम होने पर उन्होंने तहसीलदार को चेतावनी देते हुए कहा कि नियमित रूप से वाहनों की चैकिंग करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कहा कि वसूली के कार्यों की प्रगति बढ़ाये तथा बड़े बकायादारों पर वसूली की कार्यवाही तेजी से करें। जिलाधिकारी ने समस्त नगर निकायों के अधिकारियों को स्लाटर हाउस की रिपोर्ट एक सप्ताह में प्रस्तुत करने को कहा। जिलाधिकारी ने समस्त पटल सहायकों को निर्देश दिये कि अपने स्तर पर कोई भी मामला लंबित न रखें। बैठक में अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, नगर आयुक्त कोटद्वार वैभव गुप्ता, उपजिलाधिकारी श्रीनगर नूपुर वर्मा, कोटद्वार सोहन सिंह, चौबट्टाखाल नवाजीश खलीक, लैंसडौन शालिनी मौर्य, तहसीलदार सतपुली सुधा डोभाल, धुमाकोट विकास अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# चमोली में मतदाताओं की संख्या बढ़ी



चमोली : निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप जनपद चमोली में फोटोयुक्त विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष पुनरीक्षण का कार्य लगभग पूरा हो गया है। पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 7779 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए। इसमें 3480 नागरिक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर पहली बार मतदाता बने है। वही स्थान परिवर्तन, मृत्यु और अन्य कारणों से 5462 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए है। इसके अतिरिक्त जनपद में 10412 सर्विस वोटर पंजीकृत है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी,2024 को किया जाएगा।

निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 04-बद्रीनाथ विधानसभा में 2620 नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए। इसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 1278 नए मतदाता शामिल है। जबकि स्थान परिवर्तन एवं अन्य कारणों से 2454 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। बद्रीनाथ विधानसभा क्षेत्र में कुल 52145 पुरूष, 49429 महिला तथा 03 थर्ड जेंडर सहित कुल 101577 मतदाता पंजीकृत है। 05-थराली विधानसभा में 2961 नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए। इसमें 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 1152 नए मतदाता शामिल है। जबकि स्थान परिवर्तन एवं अन्य कारणों से 1808 मतदाताओं के नाम सूची से हटाए गए। थराली विधानसभा क्षेत्र में 52952 पुरुष, 50079 महिला तथा 01 थर्ड जेंडर सहित कुल 103032 मतदाता पंजीकृत है। 06-कर्णप्रयाग विधानसभा में 2198 नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़े गए।

## जाबरी-कांदी-मोहनखाल मोटर मार्ग की सुधारीकरण की मांग उठाई

रुद्रप्रयाग : रुद्रप्रयाग जिले के ऊखीमठ तहसील में जाबरी-कांदी-मोहनखाल मोटर मार्ग को बने हुए करीब सात साल से अधिक समय हो गया है किंतु उक्त मोटर मार्ग पर करीब दस साल से स्थानीय वाहनों का संचालन नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों ने इस बावत मुख्यमंत्री को ज्ञापन देते हुए शीघ्र मोटर मार्ग का सुधारीकरण करने की मांग की है ताकि सड़क पर वाहनों का संचालन हो सके। मुख्यमंत्री को दिए ज्ञापन में क्षेत्रीय ग्रामीणों ने कहा कि आठ किमी लंबे मोटर मार्ग को चार किमी. तक पीएमजीएसवाई रुद्रप्रयाग और चार किमी सड़क का निर्माण कार्य लोनिवि ऊखीमठ की ओर से हुआ है। जबकि यह मोटर मार्ग रुद्रप्रयाग और चमोली जिले के कई गांवों को जोड़ता है। कार्तिक स्वामी मंदिर के लिए कनकचौरी भी इस मोटर मार्ग से पहुंचा जा सकता है। बावजूद उक्त मोटर मार्ग के निर्माण कार्य पूरा होने के सात साल बाद भी परिवहन विभाग से इसे स्वीकृति नहीं मिल पाई है। परिवहन विभाग रुद्रप्रयाग से करीबी पांच साल पहले इसका सर्वे किया गया था।

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन संख्या B-2020:5-90033-000144 में मेरी पुत्री का नाम भूलवश खुशी पंत (KHUSHI PANT)अंकित हो गया है। जबकि मेरी पुत्री का सही व वास्तविक नाम गौरांशी पंत (GAURANSHI PANT) है।

अतः मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही व वास्तविक नाम गौरांशी पंत (GAURANSHI PANT) अंकित किया जाय।

**नेहा पंत पत्नी श्री हिमांशु पंत निवासी मुरारी कालोनी सिताबपुर, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

(1552/21)

# गजा में किया विकसित रथ यात्रा का भव्य स्वागत



नई टिहरी : नरेन्द्रनगर विधानसभा के गजा कस्बे में विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा पहुंचने पर लोगों ने रथ यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में शामिल लोगों और अधिकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जनता को जानकारी दी। बुधवार को गजा पहुंची विकसित भारत संकल्प रथ यात्रा का स्वागत करते हुये नपं गजा की निर्वतमान अध्यक्ष मीना खाती ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने कई जनकल्याकारी योजनाएं संचालित की हुई है, योजनाओं की जानकारी और लाभ पात्र लोगों को मिले इसके लिये जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारी लोगों तक योजनाओं को पहुंचाने का पूरा प्रयास कर रहें हैं। कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश निरंतर विकास कर रहा है। सेवा भारती जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र खाती ने कहा कि सरकारों की ओर से आयुष्मान कार्ड, खाद्यान्न, उज्जवला, कृषि,पशुपालन, जेजे मिशन सहित कई योजनाऐं संचालित की जा रही,पात्र लोग योजनाओं का लाभ उठाये। इस मौके पर गजेन्द्र खाती, ईओ हरेंद्र चौहान, डॉ. साक्षी मखलोगा, महेश सिंह, गजे सिंह, बलवंत सिंह, दिनेश चौहान सहित कई लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगें। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| टेन्डर संख्या | 254-DRM-MB-23-24 Dt. 08.01.2024 | | |
| कार्य का नाम | Provision of FOB at Dhampur Railway Station in the jurisdiction of Sr. DEN/IV/MB. | | |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 06.02.2024 | टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 69,93,504.97 | धरोहर राशि | 1,39,900.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 6 माह | बिडिंग आरम्भ तिथि | 23.01.2024 |

टेन्डर नं. Sr. DEN-IV/Publication/23-24 दिनांक - 09.01.2024 96/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नई टिहरी में भोजन माताओं ने मांगों को लेकर निकाली रैली




नई टिहरी : उत्तराखंड भोजन माता कामगार यूनियन ने सीटू के बैनर तले 8 सूत्रीय मांगों को लेकर रैली निकालकर प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार से सभी मांगों के निराकरण की मांग की। रैली के बाद भोजन माताओं ने कलक्ट्रेट में सांकेतिक धरना भी दिया। बुधवार को उत्तराखंड भोजन माता कामगार यूनियन ने नई टिहरी के सुमन पार्क से कलक्ट्रेट तक रैली निकालकर डीएम के माध्यम से सीएम को 8 सूत्रीय मांग पत्र प्रेषित किया। संगठन की जिला सचिव जगदंबी बडोनी ने कहा कि भोजन माता करीब दो दर्शकों से न्यूनतम मानदेय पर कार्य कर रही हैं, समय समय पर मानदेय बढ़ाने के साथ अन्य मांगों के निराकरण की मांग करती आ रही है, लेकिन भोजन माताओं का मानदेय नहीं बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने भोजन माताओं का मानदेय 20 हजार रुपये किये जाने, भोजन माताओं की नियुक्ति के पश्चात विद्यालयों में छात्रों के मानकों की व्यवस्था समाप्त करने, प्रत्येक विद्यालय में दो भोजन माताओं की व्यवस्था करने की मांग की है। इसके साथ हटाई गई भोजन माताओं की बहाली करने, 11 माह के बजाय 12 माह का मानदेय देने, वेतन की राशि सीधे भोजन माताओं के खाते में भेजने, भोजन माताओं को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने आदि की मांग उठाई।

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/समन्वय द्वारा ई–टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन **16:00 बजे** तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 262-DRM-MB-23-24 Date – 09.01.2024 | 263-DRM-MB-23-24 Date – 09.01.2024 | 264-DRM-MB-23-24 Date – 09.01.2024 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Safety related Miscellaneous track activities in the section of SSE/P.Way/LRJ under ADEN/RK | Improvement of dilapidated swimming pool in Sr. Girl's School and Sr.Boy's School of Oak Grove School in the section of SSE/W/DDN under ADEN/HW. | Rebuilding of dilapidated RCC slab Bridges 1286 UP (1x3.06m) and 1263 DN (1x3.0m) on MB-SRE section under ADEN/RK. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 08.02.2024, 16:00 Hrs. | 08.02.2024, 16:00 Hrs. | 08.02.2024, 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत | रु. 89,97,875.11 | रु. 35,15,686.22 | रु. 65,76,090.83 |
| धरोहर राशि | रु. 1,80,000.00 | रु. 70,300.00 | रु. 1,31,500.00 |
| टेन्डर फार्म की लागत | शून्य | शून्य | शून्य |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 25.01.2024 | 25.01.2024 | 25.01.2024 |
| आफर की वैधता | 60 दिन | 60 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 माह | 03 माह | 06 माह |

सं.: 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 10.01.2024 102/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सर्दियों में भी जल रहे बालगंगा व भिलंगना के जंगल, वन विभाग बना लापरवाह

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के बालगंगा व भिलंगना रेंज के जंगल जनवरी माह में ही धूं-धूं कर जल रहे हैं। जिससे सैकड़ों हेक्टेयर वन भूमि जलकर खाक हो गई। लेकिन वन विभाग इस ओर से लापरवाह बना हुआ है।

बालगंगा रेंज के सिलयारा, केमरा, सेंदूल, सरुणा रौंसाल, गनगर, नावें के जंगलों में बीते दो दिनों से भयंकर आग लगी है। जिससे ग्रामीणों के बांज व अन्य चारा पत्ती के पेड़ जलकर स्वाहा हो गए। इससे पूर्व दिसम्बर माह में भिलंगना रेंज के नैलचामी में भी कई गांवों के जंगलों में आग लगी थी। लेकिन फायर सीजन से पूर्व लगी आग को वन विभाग गंभीरता से नहीं ले रहा है। 15 फरवरी से शुरू होने वाले फायर सीजन से पूर्व जंगलों में लगी आग को लेकर वन विभाग की तैयारी नजर नही आ रही है। शीतकालीन सीजन में अभी तक बारिश व बर्फबारी न होने के कारण जंगलों में नमी न होने से वनाग्नि भड़क रही है। जिससे एक ओर वनों पर निर्भर काश्तकारों को चारा पत्ती के लिए जूझना पड़ेगा, तो वंही पेयजल स्रोतों पर भी इसका असर पड़ना लाजिमी है।

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड पौड़ी।

फोन/फैक्स :- 01368-222282 e-mail: eerespauri@gmail.com

पत्रांक 1893 /ग्रा0नि0वि0/निविदा-सूचना -02/2023-24 दिनांक 09-01-2024

### "ई-निविदा आमन्त्रण सूचना"

महामहिम राज्यपाल महोदय उत्तराखण्ड की ओर से सक्षम निविदादाताओं से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्न कार्य की ई-निविदा ऑन-लाईन दिनांक 19-01-2024 को पूर्वान्ह 11:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदायें उसी दिन अपराह्न 12:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के समक्ष इस कार्यालय में खोल जायेंगी। निविदा के सम्बन्ध में सभी सूचनाऐं/शर्तें, http://www.uktenders.gov.in पर दिनांक 10-01-2023 से उपलब्ध रहेंगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | जनपद/ विकास खण्ड | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य +GST | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की पंजीकृत श्रेणी | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | जनपद पौड़ी गढ़वाल के वि0ख0 पोखड़ा के अन्तर्गत आवासीय भवन टाइप-03 (02 नं0) का नवनिर्माण कार्य। | पोखड़ा | 60.00 | 120000.00 | नि0मू0-4000 GST-720 ई-चालान द्वारा ही मान्य | 06 माह | मार्ग निर्माण कार्यों में "सी" एवं उच्चतर | 45 दिन |

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण निर्माण विभाग,**
**प्रखण्ड पौड़ी।**

# सम्पादकीय

## यातायात प्रबंधन बड़ी चुनौती

तेईस वर्ष पूर्व उत्तर प्रदेश से विभाजित होने के बाद उत्तराखंड वजूद में आया था। मुख्य तौर पर यहां सड़कों के विकास की बेहद जरूरत थी और इस दिशा में कार्य हुए भी लेकिन बावजूद इसके शहरों से लेकर पहाड़ी क्षेत्रों तक सड़कों की गुणवत्ता को लेकर सवाल खड़े होते रहे। आज प्रदेश के अधिकांश शहरों में हालत यह है कि खराब सड़के जाम का कारण बन रही है। आम दिन हो या फिर पर्यटन सीजन का समय हो, जाम से जूझना उत्तराखंड में एक नियति बन चुकी है। इसके पीछे सड़कों की दुर्दशा भी एक बड़ा कारण है। अन्य क्षेत्र में हो रहे विकास के साथ–साथ सड़कों के विकास की दिशा में अभी भी एक बड़े परिवर्तन की जरूरत उत्तराखंड प्रदेश में नजर आ रही है। मैदानी क्षेत्र के बड़े नगरों की बात करें तो सबसे बुरी स्थिति राजधानी देहरादून और हरिद्वार में है जहां जाम एक ऐसा नासूर बन चुका है जिससे निजात पाने की कोई सूरत यहां नज़र नहीं आती। सड़क किनारे जमे अतिक्रमणों को हटाने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश पुलिस को कड़े दिशा निर्देश जारी किए हैं लेकिन अभी भी अतिक्रमण हटाने के कार्य को पूरी तरह से धरातल पर नहीं उतर गया। इन्वेस्टर मीट के दौरान राजधानी देहरादून की कायाकल्प कुछ बदली नजर आई लेकिन आयोजन निपटने के बाद फिर पुराने जैसे हालात बनते हुए नजर आए जो यह बताने के लिए काफी है कि एक खास आयोजन के लिए पूरा तंत्र सक्रिय हुआ, लेकिन आयोजन संपन्न होने के बाद हालत पहले जैसे बनने लगे। पूरे प्रदेश में वाहनों का परिवहन तंत्र काबू से बाहर है। यातायात प्रबंधन की सारी जिम्मेदारी पुलिस के कंधों पर है जिनकी मदद के लिए अब होमगार्ड से लेकर पीआरडी के जवानों तक की मदद ली जा रही है। यातायात ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मचारियों का फोकस यातायात प्रबंधन को पटरी पर लाने के बजाय चालान काटने पर अधिक नजर आ रहा है जिसे देखते हुए हाल ही में देहरादून में सीपीयू को चालान काटने से मना करते हुए यातायात संचालन में सहयोग करने के लिए कहा गया है। तकनीकी दृष्टि से देखा जाए तो अतिक्रमण के अलावा ट्रैफिक जाम का एक बड़ा कारण पार्किंग से भी जुड़ा हुआ है। खास तौर से पर्यटन स्थलों पर पार्किंग की स्थिति बेहद दयनीय हालत में है और किसी भी प्रकार के आयोजन के दौरान बेहद परेशानियों से पर्यटकों को गुजरना पड़ता है। ३ महीने बाद एक बार फिर उत्तराखंड में पर्यटन सीजन की शुरुआत होगी जिसमें चार धाम यात्रा के अलावा पर्यटक स्थलों पर सैलानियों का हुजूम उमड़ेगा। यात्रा सीजन के दौरान मैदानी क्षेत्र से लेकर पहाड़ी क्षेत्र में जाम का नजारा देखने को मिलता है। इस दिशा में राज्य सरकार को अभी से सोचने की जरूरत है क्योंकि यदि पर्यटकों को उचित सुविधा नहीं मिलती है तो इसका परिणाम पर्यटन में भी देखने को मिलता है। अतिक्रमण हटाने एवं पार्किंग को लेकर राज्य सरकार को एक ठोस कार्य नीति के तहत योजनाएं बनाने की जरूरत है ताकि एक तरफ जहां सड़कों पर यातायात का आवागमन सुचारू रूप से हो सके तो वहीं पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों को पार्किंग के लिए परेशान ना होना पड़े।

## जरूरी हैं एहतियाती तैयारियां

गजा में इजराइली हमलों के कारण पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय युद्ध भड़कने का खतरा पैदा हो गया है। नतीजतन, वैश्विक सप्लाई चेन भंग होने लगा है। इससे फिर महंगाई का दौर आने की आशंकाएं गहराती जा रही हैं।

भारतीय नौसेना की तत्परता ने उस जहाज को समुद्री डाकुओं से अपहरण के कुछ घंटों के अंदर ही छुड़ा लिया, जिस पर कम–से–कम 15 भारतीय कर्मचारी सवार थे। एमवी लीला नॉरफोक नाम के इस जहाज पर लाइबेरिया का झंडा लगा हुआ था। चार जनवरी की शाम हथियारों से लैस पांच–छह अज्ञात लोग जहाज पर सवार हो गए थे।

यह खबर मिलने के बाद भारत के लड़ाकू जहाज 'आईएनएस चेन्नई' को एमवी लीला की मदद के लिए भेजा गया। भारतीय नौसेना का एक विमान भी अपहृत जहाज के ऊपर से उड़ा। आखिरकार डाकू संभवतः जहाज को छोड़कर भाग गए, क्योंकि जब जहाज की जांच–पड़ताल की गई, तो उस पर कोई अवांछित व्यक्ति नहीं मिला। यह घटना शायद नहीं होती, अगर इजराइल–फिलस्तीन युद्ध के कारण लाल सागर में तनाव पैदा नहीं हुआ होता। तब संभवतः जहाज को रूट बदलकर उस तरफ जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जहां यह घटना हुई। लाल लागर में यमन के हूती गुट के हमलों के कारण जहाजों की आवाजाही असुरक्षित हो गई है।

हूती ने गजा में फिलिस्तीनीयों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर में भी ड्रोन और मिसाइल हमले किए हैं। उसने कहा है कि इजराइल से संबंधित सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा। उसके हमलों के बाद कई जहाजों को रास्ता बदलना पड़ा है। पिछले महीने भारत के तट से 370 किलोमीटर दूर 'एमवी केम प्लूटो' टैंकर पर एक ड्रोन से हमला हुआ था। उसके बाद से भारतीय नौसेना ने चौकसी बढ़ा दी है। उसका फायदा एमवी लीला को मिला। जैसे हालात हैं, उनके बीच अभी इस चौकसी को लंबे समय तक जारी रखने की जरूरत पड़ सकती है।

गजा में इजराइली हमलों के कारण पश्चिम एशिया में क्षेत्रीय युद्ध भड़क जाने का खतरा पैदा हो गया है। लेबनान, इराक, सीरिया इसकी जद में आ चुके हैं। अमेरिका संभवतः ईरान को भी इस दायरे में खींच लेगा। उस हालत में वैश्विक सप्लाई चेन के भंग होने की गंभीर स्थिति पैदा हो जाएगी। इसीलिए पूरी दुनिया में एक बार फिर महंगाई का दौर आने की आशंकाएं जताई जा रही हैं। उन स्थितियों के लिए भी एहतियाती तैयारी की जरूरत है।

# राहुल का ही चेहरा है भाजपा के आगे

अजीत द्विवेदी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी 14 जनवरी से 'भारत न्याय यात्रा' पर निकलने वाले हैं। यह उनकी 'भारत जोड़ो यात्रा' की दूसरी कड़ी है, जिसमें वे थोड़ी दूर पैदल चलेंगे और लंबी दूरी बस से तय करेंगे। हाइब्रीड मोड में होने वाली यह यात्रा मणिपुर से शुरू होगी और मुंबई में संपन्न होगी। मार्च के मध्य में जब उनकी यात्रा का समापन होगा तब तक लोकसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी होगी। जब इस यात्रा की घोषणा हुई तब ऐसा लगा था कि भाजपा इसे लेकर राहुल को निशाना बनाएगी। सोशल मीडिया में उनका मजाक उड़ाया जाएगा। इसे लेकर सवाल उठेगा कि जिस समय पूरे देश में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा हो रही होगी उस समय राहुल एक नई यात्रा पर निकलेंगे। राहुल की यात्रा को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम से ध्यान भटकाने साजिश करार दिया जाएगा। लेकिन आश्चर्यजनक तरीके से भाजपा इस मसले पर चुप रही है। छोटे–छोटे नेताओं या प्रवक्ताओं ने इस पर बयान दिया लेकिन बड़े नेता चुप रहे है और आईटी सेल ने भी इसका मुद्दा नहीं बनाया।

इसका मतलब है कि भाजपा अभी राममंदिर के आयोजन से ध्यान नहीं भटकाना चाहती है। उसे पता है कि अगर वह राहुल की यात्रा को लेकर हमला करेगी और इस मसले पर कांग्रेस से उलझेगी तो फोकस राममंदिर से राहुल की यात्रा पर शिफ्ट हो जाएगा। अभी भाजपा को सारे संसाधन और सारी ताकत अयोध्या के कार्यक्रम पर लगानी है। पहले 16 से 22 जनवरी तक प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा और उसके बाद 25 जनवरी से देश भर में अयोध्या चलो का अभियान छेड़ा जाएगा। भाजपा देश भर के रामभक्तों को अयोध्या ले जाने का अभियान चलाएगी। इसके बीच राहुल की यात्रा की मीडिया कवरेज के लिए कांग्रेस को बहुत प्रयास करना होगा। अगर भाजपा यात्रा पर हमला करती है तो मजबूरी में मीडिया को उसे स्पेस देना होगा और फिर राहुल की यात्रा अपने आप खबरों में आएगी। इस तरह से कह सकते हैं कि राहुल ने चुनावी साल में और भाजपा के सबसे बड़े आयोजन से ऐन पहले यात्रा का ऐलान करके भाजपा को कैच–22 सिचुएशन में डाल दिया है।

ध्यान रहे भाजपा के नेता सचमुच यह मानते रहे हैं कि राहुल गांधी जब तक कांग्रेस के सर्वोच्च नेता रहेंगे और विपक्ष के सबसे मुख्य चेहरे के तौर पर चुनाव लड़ते रहेंगे तब तक भाजपा के लिए चुनावी लड़ाई बहुत आसान रहेगी। अनेक पत्रकार और स्वतंत्र राजनीतिक विश्लेषक भी यह मानते हैं और तंज करते हुए लिखते–बोलते रहे हैं कि भाजपा के स्टार प्रचारक राहुल गांधी हैं।



यह दावा किया जाता है कि वे जहां भी प्रचार करने जाते हैं वहां भाजपा जीतती है और उनकी बातों से भाजपा को फायदा होता है। मीडिया और सोशल मीडिया में प्रचार के जरिए इस धारणा को बहुत मजबूती से स्थापित किया गया है। इसके लिए राहुल के फर्जी वीडियो और गढ़े गए बयानों आदि का इस्तेमाल किया गया। भाजपा ने राहुल को 'पप्पू' साबित करने पर अधिकतम समय, श्रम और साधन खर्च किया। भाजपा को निश्चित रूप से इसका फायदा मिला लेकिन जिस तरह से हर दवा की एक्सपायरी डेट होती है वैसे ही हर प्रचार या रणनीति की भी एक्सपायरी डेट होती है। ऐसा लग रहा है कि भाजपा को अब लगने लगा है कि राहुल के लिए जो रणनीति अपनाई गई थी उसका अधिकतम फायदा लिया जा चुका और अब उस रणनीति से राहुल से मुकाबला आसान नहीं होगा। तभी अब राहुल के खिलाफ भाजपा के राजनीतिक अभियान की दिशा बदल रही है।

एक समय था, जब राहुल से लड़ना बहुत आसान था क्योंकि ज्यादातर युवा और देश की बड़ी आबादी उनको गंभीरता से नहीं लेती थी। लेकिन धीरे धीरे स्थितियां बदलती गईं और भारत जोड़ो यात्रा के बाद राहुल को गंभीरता से लिया जाने लगा। तभी पिछले एक साल में कई बार भाजपा नेताओं के ऐसे बयान सुनने को मिले कि राहुल गांधी अगर प्रधानमंत्री बन गए तो देश में क्या हो सकता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कई जगह अपने भाषणों में कहा कि अगर राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन गए तो तो देश में भ्रष्टाचार का बोलबाला होगा। सोचें, जब राहुल गांधी के रहने से भाजपा को फायदा होता है, वे भाजपा के स्टार प्रचारक हैं, जहां भाषण देते हैं वहां भाजपा की जीत सुनिश्चित करते है तो उनके होते कांग्रेस कैसे सकती है और वे कैसे प्रधानमंत्री बन सकते हैं? भाजपा के नेता अगर राहुल के प्रधानमंत्री बनने का भय जनता को दिखा रहे हैं तो इसका मतलब है कि कहीं न कहीं भाजपा नेताओं के मन में राहुल को लेकर चिंता पैदा हो रही है। उनको लग रहा है कि राहुल चुनौती बन रहे हैं। भाजपा ने उनको गंभीर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी मान लिया है।

यही कारण है कि राहुल पर अब गंभीर राजनीतिक हमले हो रहे हैं। संसद के शीतकालीन सत्र में भाजपा ने जिस तरह से राहुल गांधी को निशाना बनाया वह इस बात का संकेत है कि राहुल अब गंभीर राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं। उनके बारे में पहले यह प्रचारित किया गया कि तीन राज्यों में कांग्रेस की हार के बाद राहुल विदेश दौरे पर चले गए। हालांकि यह बात गलत साबित हुई। उसके बाद भाजपा ने संसद में पैदा हुए गतिरोध का ठीकरा राहुल के ऊपर फोड़ा। जबकि हकीकत यह है कि संसद की सुरक्षा में सेंध लगी थी। चार लोग संसद परिसर में घुस गए थे, जिनमें से दो लोग दर्शक दीर्घा से लोकसभा के अंदर कूद गए और सदन में धुआं फैला दिया। विपक्ष तो इस मसले पर सिर्फ केंद्रीय गृह मंत्री के बयान की मांग कर रहा था, लेकिन गृह मंत्री को सदन में बयान नहीं देना था। इस वजह से गतिरोध पैदा हुआ और 146 सांसद निलंबित किए गए। तब भाजपा और केंद्र सरकार की ओर से कहा गया कि संसद में राहुल के इशारे पर हंगामा हुआ है और गतिरोध पैदा हुआ है।

सोचें, भाजपा कह रही है कि राहुल के इशारे पर समूचा विपक्ष एकजुट हुआ और संसद नहीं चलने दी! संसद में घुसपैठ के मसले पर राहुल ने कहा कि संसद की घटना देश में फैली बेरोजगारी और महंगाई के कारण हुई है। इस पर भाजपा ने कहा कि राहुल संसद में हुई घटना का समर्थन कर रहे हैं। इसके बाद संसद परिसर में तृणमूल कांग्रेस के सांसद कल्याण बनर्जी ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारी तो उसकी बजाय भाजपा ने इस बात का मुद्दा बनाया कि राहुल गांधी उनकी मिमिक्री की वीडियो बना रहे थे। इसे लेकर भाजपा ने देश भर में राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया और कल्याण बनर्जी की बजाय राहुल गांधी का पुतला जलाया।

जाहिर है कि एक गंभीर राजनीतिक मामले में भाजपा के निशाने पर विपक्ष के दूसरे नेता नहीं थे, बल्कि राहुल गांधी थे। यह राहुल गांधी की बढ़ती हैसियत का संकेत है। अब वे भारत न्याय यात्रा पर निकलने वाले हैं। पूरब से पश्चिम की उनकी यह यात्रा उनकी छवि को सकारात्मक तरीके से प्रभावित करेगी और उनके बारे में बन रही गंभीर राजनेता की धारणा को मजबूती देगी। लोकसभा चुनाव से पहले इससे कोई चमत्कार हो जाएगा इसका अंदाजा तो कांग्रेस को भी नहीं है लेकिन यह जरूर है कि राहुल को लेकर भाजपा की गंभीरता बढ़ेगी। विपक्षी पार्टियां राहुल को अपना नेता मानने को तैयार नहीं हैं लेकिन भाजपा उनको विपक्ष का नेता बना रही है। हो सकता है कि भाजपा को इसका फायदा हो लेकिन साथ ही राहुल गांधी को भी फायदा होगा। ध्यान रहे लोकतंत्र में नेता हमेशा सिर्फ अपने प्रयासों से नहीं बनते हैं कई बार विपक्ष के निरंतर हमलों से भी बनते हैं।

# बेरोजगारी का यह आलम

उंची योग्यता वाले युवाओं का ऐसे पद पर नौकरी करना– जिसके लिए वे जरूरत से ज्यादा योग्य हैं– स्पष्टतः देश में बेरोजगारी की भीषण हालत का संकेत है। वैसे आंकड़े भी देश में बेरोजगारी की उंची दर की पुष्टि करते हैं।

मीडिया की सुर्खियों ने आबादी के बड़े हिस्से को सुखबोध से ओत–प्रोत कर रखा है। ऐसा सोचने वाले लोगों की कमी नहीं है कि जल्द ही भारत आर्थिक महाशक्ति बन जाएगा। बल्कि कहा तो यह भी जाता है कि ऐसा हो भी चुका है। मगर यह हवाई नैरेटिव है, जो जमीनी सूरत से ध्यान हटाते हुए गढ़ा गया है। जमीनी सूरत क्या है, इसकी खबरें भी अक्सर आती हैं, लेकिन वे अखबारों में कहीं अंदर के पन्नों पर दब जाती हैं। मसलन, इस ताजा खबर पर गौर कीजिए: दिल्ली के चिड़ियाघर में 100 लोगों को नौकरी पर रखा गया है। उनमें लगभग सभी के पास उंची डिग्रियां हैं। ये अंग्रेजी, गणित, अर्थशास्त्र, भौतिक शास्त्र, रसायन शास्त्र, मेटलर्जी आदि जैसे विषयों में ग्रैजुएट,



पोस्ट–ग्रैजुएट और इंजीनियरिंग जैसी डिग्रियां हासिल कर चुके नौजवान हैं। उन्हें जू–कीपर की नौकरी मिली है। जू–कीपरों का काम चिड़ियाघर के पशुओं का हर तरह से ख्याल रखना होता है। इस नौकरी के लिए बारहवीं पास होने की योग्यता काफी है। इस नौकरी में 18,000 से 22,000 रुपये तक का मासिक वेतन मिलता है।

उंची योग्यता वाले युवाओं का ऐसे पद पर नौकरी करना– जिसके लिए वे जरूरत से ज्यादा योग्य हैं– स्पष्टतः देश में बेरोजगारी की भीषण हालत का संकेत है। वैसे आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं। पीरिऑडिक लेबर फोर्स सर्वे के ताजा आंकड़ों के मुताबिक 2022–23 में देश में ग्रेजुएट युवाओं के बीच बेरोजगारी दर 13.4 प्रतिशत थी। लेकिन यह आंकड़ा भी पूरा सच नहीं बताता। मसलन, अब अपनी योग्यता से निम्नतर नौकरी पा जाने उपरोक्त 100 युवा भी बेरोजगारी की श्रेणी से बाहर हो गए हैं। ऐसी हालत लाखों नौजवानों की है। फिर सरकारी परिभाषा में अर्ध या अस्थायी रोजगार में लगे लोगों को बेरोजगार नहीं माना जाता है। विश्व बैंक ने 2022 में कहा था कि भारत में 15–24 साल के युवाओं में बेरोजगारी दर 25 प्रतिशत के आसपास है। अजीम प्रेमजी यूनिवर्सिटी की– स्टेट ऑफ वर्किंग इंडिया 2023– नामक रिपोर्ट के मुताबिक 2021–22 में 25 साल से कम उम्र के ग्रैजुएट युवाओं में 42 प्रतिशत बेरोजगार थे। ये आंकड़े हकीकत से ज्यादा मेल खाते हैं।

## जापान में परमाणु संयंत्र तक पहुंची तीन मीटर ऊंची सुनामी

**टोक्यो ,एजेंसी।** जापान में 7.6 तीव्रता वाले भूकंप के बाद इशिकावा प्रान्त के शिका परमाणु ऊर्जा संयंत्र तक लगभग तीन मीटर ऊंची सुनामी पहुंच गई थी। इसकी जानकारी संयंत्र के संचालक ने दी। सूनामी लगभग 5.45 बजे, प्रीफेक्चर और उसके आसपास के क्षेत्र में भूकंप आने के लगभग 90 मिनट बाद पहुंची।

होकुरिकु इलेक्ट्रिक ने कहा कि लहरों के कारण संयंत्र में सुरक्षा संबंधी कोई समस्या नहीं हुई, क्योंकि यह समुद्र तल से लगभग 11 मीटर ऊपर बना है और इसकी समुद्री दीवार 4 मीटर ऊंची है।यूटिलिटी ने कहा कि सुनामी की ऊंचाई के बारे में पता नहीं चल पाया क्योंकि भूकंप के बाद समुद्र तल पर स्थापित एक मापने वाले उपकरण से डेटा ट्रांसमिशन बंद हो गया।बिजली कंपनी ने शिका संयंत्र के पास जल-स्तर गेज के साथ-साथ तरंग गेज के अपने डेटा विश्लेषण के परिणाम जारी किए। इस बीच, होकुरिकु इलेक्ट्रिक ने कहा कि सबस्टेशन और बिजली ट्रांसमिशन लाइनों में उपकरणों के कुछ तत्वों को नुकसान हुआ है, लेकिन नुकसान का संयंत्र के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। शिका संयंत्र में नंबर 1 और नंबर 2 दोनों रिएक्टरों को भूकंप से बहुत पहले ऑफलाइन कर दिया गया था। होकुरिकु इलेक्ट्रिक ने 2 जनवरी को कहा कि उसे मापने वाले उपकरणों पर जल स्तर में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं मिला है। लेकिन बाद में कहा गया कि स्तर में वृद्धि देखी गई है। बुधवार सुबह तक, भूकंप से मरने वालों की संख्या 203 थी, जबकि 68 लोग लापता थे।

## अमेरिकी एसईसी का एक्स अकाउंट हैक कर बिटकॉइन ईटीएफ के लिए फर्जी मंजूरी के बारे में किया पोस्ट

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन (एसईसी) का एक्स अकाउंट कुछ देर के लिए हैक कर लिया गया, और एक पोस्ट में दावा किया गया कि उसने बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) के लिए लिस्टिंग को मंजूरी दे दी है।

एसईसी के अध्यक्ष गैरी जेन्सलर ने बाद में अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में स्पष्ट किया कि एजेंसी के खाते से समझौता किया गया था, और एक अनधिकृत ट्वीट पोस्ट किया गया था।

जेन्सलर की छवि के साथ एसईसी के हैक किए गए खाते से पोस्ट में लिखा गया: आज एसईसी ने सभी पंजीकृत राष्ट्रीय प्रतिभूतियों पर लिस्टिंग के लिए बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी दे दी है। स्वीकृत बिटकॉइन ईटीएफ निवेशकों को निरंतर सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए चल रही निगरानी और अनुपालन उपायों के अधीन होंगे।

फर्जी एसईसी पोस्ट के बाद बिटकॉइन की कीमत बढ़कर 48 हजार डॉलर हो गई, लेकिन फिर तेजी से 46 हजार डॉलर से नीचे गिर गई।

एसईसी ने मंगलवार देर रात कहा कि बिटकॉइन एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड के बारे में पोस्ट गलत था। एसईसी के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, एसईसी के एक्स/ट्विटर अकाउंट से छेड़छाड़ की गई थी। बिटकॉइन ईटीएफ के संबंध में अनधिकृत ट्वीट एसईसी या उसके कर्मचारियों द्वारा नहीं किया गया था।जिन हैकरों ने एसईसी के खाते से छेड़छाड़ की, उन्होंने क्रिप्टो-केंद्रित अकाउंट के पोस्ट भी पसंद करना शुरू कर दिया जो एसईसी द्वारा बिटकॉइन ईटीएफ की झूठी मंजूरी के बारे में उत्साहित थे।

## लाइव टीवी शो के दौरान स्टूडियो में घुसे बंदूकधारी, पत्रकारों और कर्मचारियों को बनाया बंधक

**गुआयाकिल ,एजेंसी।** इक्वाडोर के शहर गुआयाकिल में एक टीवी स्टूडियो में लाइव प्रसारण के दौरान कुछ बंदूकधारी घुस गए। स्टूडियो में मौजूद लोगों के बीच अफरातफरी मच गई। बंदूकधारियों ने स्टूडियो में मौजूद पत्रकारों और कर्मचारियों को बंधक बना लिया। इस वारदात की वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है।

यह घटना मंगलवार को घटी है। पिस्तौल और डायनामाइट जैसी दिखने वाली हथियारों से लैस बंदूकधारी गुआयाकिल में टीवी टेलीविजन नेटवर्क के सेट में घुस गए और चिल्लाने लगे कि उनके पास बम हैं। वीडियो में गोलियों की आवाज भी सुनी जा सकती है।

# प्राण प्रतिष्ठा से पहले दिल्ली के बाजारों में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड, 11 जनवरी से 'राम' अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अयोध्या में 22 जनवरी को राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले दिल्ली के बाजारों को श्रीराममय बनाया जाएगा। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने इस बाबत अनेक कार्यक्रमों की घोषणा की है। दिल्ली के बाजारों में हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ होगा। 11 जनवरी से 'राम' अभियान शुरू किया जाएगा। बुधवार को दिल्ली के नेशनल क्लब में आयोजित श्रीराम संवाद कार्यक्रम में उक्त कार्यक्रमों की घोषणा की गई है। यह कार्यक्रम, कैट द्वारा आयोजित किया गया था।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने बताया, पुरानी दिल्ली के बाजारों को आगामी कुछ दिनों के लिए श्रीराम भक्ति से सराबोर किया जाएगा। पुरानी दिल्ली की सभी व्यापारी एसोसिएशन, अपने अपने बाजारों में श्रीराम संवाद कार्यक्रम आयोजित कर व्यापारियों सहित अन्य लोगों को 22 जनवरी के दिन सभी बाजारों एवं रिहायशी क्षेत्रों में महादीपावली का वातावरण तैयार करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। श्रीराम संवाद कार्यक्रम में शहरी क्षेत्र के 100 से अधिक व्यापारिक संगठनों के नेताओं ने भाग लिया। संवाद की अध्यक्षता दिल्ली के वरिष्ठ व्यापारी नेता सुभाष गोयल ने की।




व्यापारी नेताओं ने 22 जनवरी को इस सदी का सबसे महत्वपूर्ण दिन बताते हुए कहा, जनवरी से चांदनी चौक, भागीरथ प्लेस, नई सड़क, चावड़ी बाज़ार, अजमेरी गेट, दरियागंज, श्रद्धानन्द बाजार, खारी बावली, नया बाजार व कश्मीरी गेट सहित सदर बाजार के क्षेत्रों में 'श्रीराम अभियान' चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत सभी बाजारों में श्रीराम गुणगान चौकी, श्रीराम फेरी और श्रीराम शोभा यात्रा सहित बड़ी संख्या में छोटे बड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सभी बाजारों में श्रीराम ध्वज लगाकर बाजारों की सजावट की जाएगी।

मार्केटों को रंग बिरंगी रोशनी से जगमगाया जाएगा। 22 जनवरी को बाजार सहित अनेक सार्वजनिक स्थानों पर बड़ी एलईडी लगाई जाएंगी। इसके माध्यम से लोगों को अयोध्या में होने वाले कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

बाजारों में जगह-जगह पर श्रीराम मंदिर के बड़े मॉडल रखे जाएंगे। अनेक स्थानों पर बैंड, शहनाई व ताशे अपने वाद्य यंत्रों द्वारा श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का जश्न मनाएंगे। विभिन्न स्थानों पर म्यूजिकल ग्रुपों द्वारा श्रीराम के गीतों से अद्भुत समां बांधा जाएगा।

## स्केटिंग कर अयोध्या पहुंचेगा यह बच्चा, रास्ते भर लहराएगा भगवा ध्वज

**जयपुर, एजेंसी।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर देशभर में उत्सव का



माहौल है। हर कोई प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होकर उसका गवाह बनना चाहता है। इसके लेकर लोग अलग-अलग तरीके अपना रहे हैं। ऐसे में राजस्थान के कोतपूतली जिले के रहने वाले 10 साल के हिमांशु सैनी ने स्केटिंग कर अयोध्या जाने का फैसला किया। इस फैसले में उसके पिता ने भी साथ दिया। हिमांशु ने बीते सोमवार को स्केटिंग शूज पहनकर और हाथों में भगवा ध्वज लेकर अपनी यात्रा शुरू की है। कोटपूतली से अयोध्या तक की दूरी 704 किलोमीटर है, जिसे हिमांशु इसी तरह पूरा करेगा।

## यूपी एटीएस की जांच: फर्जी दस्तावेजों पर नौकरी कर रहे 382 शिक्षक होंगे बर्खास्त, सबसे ज्यादा देवरिया जिले के

**लखनऊ, एजेंसी।** फर्जी दस्तावेज लगाकर सरकारी नौकरी हासिल करने वाले प्रदेश के 382 शिक्षकों को जल्द बर्खास्त किया जा सकता है। यूपी एसटीएफ ने जांच के बाद दोषी पाए गए शिक्षकों को बर्खास्त करने के लिए 48 जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखा है। इन सभी की जांच बीते करीब साढ़े तीन वर्षों के दौरान की गयी है।बता दें कि एसटीएफ बीते करीब पांच वर्ष से फर्जी दस्तावेज लगाकर शिक्षक की नौकरी हासिल करने के मामले की जांच कर रही है। एसटीएफ के अनुमान के मुताबिक प्रदेश में इस तरह के करीब 50 हजार शिक्षक हैं, जिन्होंने दूसरे की मार्कशीट लगाकर नौकरी हासिल की और सालों से काम कर रहे हैं। हाल ही में एसटीएफ ने ऐसे 382 शिक्षकों के खिलाफ जांच पूरी कर उनको बर्खास्त करने की संस्तुति की है। इनमें सर्वाधिक 52 शिक्षक देवरिया के हैं। इसके अलावा मथुरा के 43, सिद्धार्थनगर के 29 शिक्षक हैं। बाकी जिलों के शिक्षकों की सूची जल्द अपडेट हो जाएगी। एसटीएफ के सूत्रों के मुताबिक ये भर्तियां वर्ष 2006 से 2016 के बीच हुई थीं। एसटीएफ और जिला पुलिस की जांच के बाद देवरिया में बीते दिनों 85 शिक्षकों को बर्खास्त किया जा चुका है।

# कोई ताकत 2047 तक भारत को 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती'

**गांधीनगर, एजेंसी।** देश के सबसे धनी उद्यमी एवं रिलायंस उद्योग समूह के प्रमुख मुकेश अंबानी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को अमृतकाल (2047 तक) में विकसित देश बनाने की मजबूत आधारशिला रख दी है और कोई भी ताकत देश की अर्थव्यवस्था को उस समय तक 35 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। मुकेश अंबानी वाइब्रेंट गुरजरात सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे, जिसमें श्री मोदी भी उपस्थित थे। मुकेश अंबानी ने इस अवसर पर गुजरात के साथ अपने संबंधों को गहराई से उभारा और कहा कि गुजरात भी खुद 2047 तक तीन लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था हो जाएगा, जो भारत की अर्थव्यवस्था के आकार से थोड़ा ही कम होगा।

रिलायंस समूह के प्रमुख ने कहा, "आने वाली पीढ़ी निश्चित रूप से राष्ट्रवादी और अंतरराष्ट्रीयतावादी-दोनों होने के लिए प्रधानमंत्री मोदी की आभारी होगी। आपने विकसित भारत की ठोस बुनियाद रख दी है, दुनिया की कोई भी ताकत 2047 तक भारत को 35 ट्रिलियन डॉलर



(35 लाख करोड़ डॉलर) की अर्थव्यवस्था बनने से नहीं रोक सकती। उस समय तक गुजरात अकेले तीन ट्रिलियन डॉलर (तीन लाख करोड़ डॉलर) की अर्थव्यवस्था हो जाएगा। मुझे इसका पूरा भरोसा है, हर गुजराती को इसका भरोसा है, हर भारतीय को इसका भरोसा है।" अंबानी ने कहा, "मोदी युग भारत को समृद्धि प्रगति और गौरव की नए शिखरों पर ले जाएगा।"

रिलायंस समूह के प्रमुख ने कहा कि रिलायंस ग्रीन एनर्जी क्षेत्र में अगले 10 वर्षों तक रिलायंस निवेश जारी रखेगा। 2030 तक गुजरात की ग्रीन एनर्जी खपत का करीब आधा हिस्सा, रिलायंस उत्पादित करेगा। इसकी घोषणा रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 में की। उन्होंने कहा कि गुजरात, ग्रीन डेवलपमेंट में वैश्विक नेता बनकर उभरे इसके लिए रिलायंस ने जामनगर में पांच हजार एकड़ में धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स का निर्माण शुरू कर दिया है।

मुकेश अंबानी ने कहा, "इससे बड़ी संख्या में ग्रीन नौकरियां पैदा होंगी और ग्रीन प्रोडक्ट तथा सामग्रियों का उत्पादन संभव होगा जो गुजरात को हरित उत्पादों का अग्रणी निर्यातक बना देगा।" गुजरात को अपनी मातृभूमि और कर्मभूमि बताते हुए श्री अंबानी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में रिलायंस ने देश में करीब 12 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है और इसमें से एक तिहाई से अधिक का निवेश अकेले गुजरात में किया गया है। सात करोड़ गुजरातियों के सपने पूरे करने के लिए रिलायंस कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

# अमरीका नहीं यह देश है उत्तर कोरिया का सबसे बड़ा दुश्मन, किंम जोंग उन ने दी खुली धमकी

**प्योंगयांग, एजेंसी।** डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया (डीपीआरके) के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने दक्षिण कोरिया को एक बड़ा दुश्मन बताते हुए अपने देश से आत्मरक्षा क्षमताओं को बढ़ाने के लिए कहा है। आधिकारिक कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार वर्कर्स पार्टी ऑफ कोरिया (डब्ल्यूपीके) के महासचिव एवं डीपीआरके के राष्ट्रीय मामलों के अध्यक्ष किम जोंग उन ने इस सप्ताह की शुरुआत में प्रमुख युद्ध सामग्री कारखानों के निरीक्षण के दौरान यह टिप्पणी की। केसीएनए की रिपोर्ट में कहा गया है कि किम ने इस बात पर जोर दिया कि जब दक्षिण कोरिया के साथ अपने संबंधों की बात आती है तो डीपीआरके को आत्मरक्षा और परमाणु युद्ध निवारक के लिए सैन्य क्षमताओं को बढ़ाने को प्राथमिकता देनी चाहिए।



डीपीआरके नेता ने कहा कि ऐतिहासिक समय आखिरकार आ गया है जब डीपीआरके को दक्षिण कोरिया को सबसे शत्रुतापूर्ण राज्य के रूप में परिभाषित करना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया कि उन्होंने जोर दिया कि एक पदनाम जिस पर उनके देश को "अपरिहार्य और अपरिवर्तनीय वास्तविकता" के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने कहा कि दक्षिण कोरिया ने लगभग 80 वर्षों तक हमारे शासन और सामाजिक व्यवस्था को उखाड़ फेंकने के लिए खून से सनी आंखों के साथ क्रूर टकराव के इतिहास का अनुसरण किया है।

किम ने कोरियाई प्रायद्वीप पर गंभीर सुरक्षा स्थिति को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट किया कि डीपीआरके की ओर से किसी भी तरह से एकतरफा कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की जाएगी, लेकिन उसका युद्ध से बचने का कोई इरादा नहीं है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दक्षिण कोरिया डीपीआरके के खिलाफ सशस्त्र बलों का उपयोग करने का प्रयास करता है या उसकी संप्रभुता और सुरक्षा को खतरे में डालता है, तो उनके देश को सभी साधनों और बलों को जुटाकर दक्षिण कोरिया को नष्ट करने में कोई हिचकिचाहट नहीं होगी। डीपीआरके नेता की नवीनतम कड़े शब्दों वाली बयानबाजी दोनों देशों के बीच शत्रुता में हालिया वृद्धि के बाद आई है।

## भारतीय मूल के सैन्यकर्मी ने सिंगापुर में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के मामले में अपना गुनाह कबूल किया

**सिंगापुर ,एजेंसी।** सिंगापुर सशस्त्र बल के 50 वर्षीय भारतीय मूल के वारंट अधिकारी ने 2021 में 16 साल से कम उम्र के नाबालिग के साथ यौन संबंध बनाने के एक आरोप में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

कारपार्क में सीढ़ियों पर गिरने के बाद नाबालिग की मदद करने वाले सुब्रमण्यम थबुरन रंगासामी को 1 फरवरी को सजा सुनाए जाने के दौरान दो और आरोपों का सामना करना पड़ सकता है।

उप लोक अभियोजक सुनील नायर ने कहा कि घटना 6 दिसंबर 2021 को हुई, जब पीड़िता को सुबह अपने स्कूल काउंसलर के साथ ऑनलाइन मीटिंग करनी थी।माध्यमिक 3 की छात्रा, जो अब 17 साल की है, कारपार्क की पांचवीं मंजिल से नीचे उतर रही थी जब वह गिर गई और एक दरवाजे से टकरा गई। सुब्रमण्यम ने उसे अपने पैरों पर खड़ा होने में मदद की।उसने उसे धन्यवाद दिया और कारपार्क की एक मंजिल पर लगभग एक घंटे तक बातचीत करने के बाद वे अंतरंग हो गए।

# तीसरा टी20आई : हीली, मूनी के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलियाई महिलाओं ने भारत को 7 विकेट से हराया 2—1 से सीरीज जीतीं

नवी मुंबई ,डीवाई पाटिल स्टेडियम में सलामी बल्लेबाज एलिसा हीली और बेथ मूनी की शानदार अर्धशतकीय पारियों की मदद से आस्ट्रेलियाई महिलाओं ने तीसरे और अंतिम टी–20 मैच में भारतीय महिला टीम को सात विकेट से हरा दिया और 2–1 से सीरीज जीत ली। कप्तान हीली ने 34 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया और 38 गेंदों में 55 रन बनाए, जबकि मूनी 45 गेंदों में 52 रन बनाकर नाबाद रहीं। ऑस्ट्रेलिया ने 18.4 ओवरों में 149/3 रन बनाकर भारत को 20 ओवरों में 147/6 पर रोक दिया।

हीली और मूनी ने पहले विकेट के लिए 85 रन जोड़े और पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए। हीली ने चौथे ओवर में तितास साधु की गेंद पर तीन चौके लगाए, रेणुका सिंह की गेंद पर ऑफ–स्टंप के बाहर फुलिश डिलीवरी पर वाइड लॉन्ग–ऑन पर छक्का लगाया और पांचवें ओवर की चार गेंदों में दो चौके लगाए, जिससे आस्ट्रेलिया की शुरुआत अच्छी रही।

हीली, जो जेमिमाह रोड्रिग्स द्वारा ली गई डिपिंग गेंद पर कैच आउट होते–होते बच गईं, कई रीप्ले देखने के बाद टीवी अंपायर ने उसके पक्ष में फैसला सुनाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई पारी में नौ चौके और एकमात्र छक्का लगाया। उन्हें डीआरएस के जरिए



आउट करार दिया गया, दीप्ति शर्मा द्वारा ऑफ–स्टंप के बाहर फुल डिलीवरी पर रिवर्स स्वीप करने के प्रयास में लेग बिफोर विकेट के रूप में फंसाया गया। जबकि अल्ट्रा एज ने फैसला सुनाया कि गेंद बल्ले से नहीं लगी थी, हॉकआई ने कहा कि गेंद्र मध्य और लेग स्टंप पर जाकर लगी होगी। पूजा वस्त्राकर ने लगातार दो विकेट ताहलिया मैक्ग्रा (20) और एलिसे पेरी (0) लिए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। आखिरी दो ओवरों में आठ रनों की जरूरत थी, मूनी ने 19वें ओवर में लगातार गेंदों पर चौके लगाकर ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी।

भारत की महिलाओं ने तीन मैचों की टी20 सीरीज़ की शुरुआत शुरुआती गेम जीतकर की थी, जबकि मेहमान टीम ने दूसरा गेम जीतकर जोरदार वापसी की। श्रृंखला का भाग्य इस मैच पर निर्भर था और ऑस्ट्रेलियाई टीम ने शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के साथ खुद को स्थापित किया। शेफाली वर्मा, जिन्होंने 17 गेंदों में छह चौकों की मदद से 26 रनों की पारी खेली, स्मृति मंधाना (29) और ऋचा घोष (24) ने शुरुआत की, लेकिन इसका फायदा उठाने और बड़े स्कोर तक पहुंचने में असफल रहीं, क्योंकि भारत 147/6 का अच्छा स्कोर ही बना सका। उन्होंने चार चौके किम गार्थ की गेंद पर लगाए, जबकि मेगन शुट्ट ने अन्य दो चौके लगाए।

भारत ने जेमिमा रोड्रिग्स (2), मंधाना और हरमनप्रीत कौर (3) के तीन विकेट जल्दी खो दिए और 10वें ओवर में भारत का स्कोर 66/4 हो गया। ऋचा घोष ने 28 गेंदों में दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 34 रन बनाकर पारी को पुनर्जीवित किया, जबकि अमनजोत कौर ने 14 गेंदों में नाबाद 17 रन बनाए, जिससे भारत 147/6 पर पहुंच गया, जो अंत में अपर्याप्त साबित हुआ, क्योंकि उनके गेंदबाज दर्शकों को परेशान करने में विफल रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए सदरलैंड और जॉर्जिया वेयरहैम ने क्रमशः 12 और 24 रन पर दो–दो विकेट लिए। इसके साथ ही भारत ने दुनिया की दो शीर्ष टीमों झ ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ लगातार दो बहु–प्रारूप श्रृंखलाओं को दोनों टेस्ट मैच जीतकर समाप्त कर दिया, लेकिन छह सफेद गेंद मैचों में केवल दो जीत हासिल कर सका। साल के मध्य में बांग्लादेश में होने वाले टी20 विश्व कप तक कोई और मैच निर्धारित नहीं होने के कारण, टीम प्रबंधन के पास मेगा इवेंट से पहले हल करने के लिए कुछ मुद्दे होंगे।

संक्षिप्त स्कोर : भारतीय महिला टीम 20 ओवर में 147/6 (शेफाली वर्मा 26, स्मृति मंधाना 29, ऋचा घोष 34; एनाबेल सदरलैंड 2–12, जॉर्जिया वेयरहैम 2–24) ऑस्ट्रेलिया महिला टीम से 18.4 ओवर में 149/3 से हार गई (एलिसा हीली 55, बेथ मूनी) 52 नाबाद, पूजा वस्त्राकर 2–26) सात विकेट से।

## पीकिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड के नए बॉलिंग कोच बने आंद्रे एडम्स

क्राइस्टचर्च ,पूर्व कीवी ऑलराउंडर आंद्रे एडम्स को घरेलू मैदान पर पाकिस्तान के खिलाफ आगामी टी–20 सीरीज के लिए न्यूजीलैंड का गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

आंद्रे एडम्स मुख्य कोच गैरी स्टीड टीम के हिस्से के रूप में पांच मैचों की श्रृंखला के लिए काम करेंगे, जिसमें नियमित बल्लेबाजी कोच ल्यूक रोंची भी शामिल हैं।

न्यूजीलैंड टीम के साथ आंद्रे एडम्स बुधवार को ऑकलैंड में अपनी पारी की शुरुआत करेंगे।

पाकिस्तान के खिलाफ न्यूजीलैंड की पांच मैचों की टी20 सीरीज 12 जनवरी से ऑकलैंड में शुरू हो रही है। अंतिम दो टी20 के लिए क्राइस्टचर्च जाने से पहले टीमें दूसरा और तीसरा मैच क्रमशः हैमिल्टन और डुनेडिन में खेलेंगी।

## ललित मोदी ने दी थी मेरा करियर खत्म करने की धमकी, इस पूर्व भारतीय गेंदबाज ने किया बड़ा खुलासा



नई दिल्ली , भारत के पूर्व तेज गेंदबाज प्रवीण कुमार ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन सत्र के बारे में एक बड़ा खुलासा किया कि रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) में शामिल होना उनका शुरुआती रुझान नहीं था और इसका हिस्सा बनने में उन्हें झिझक क्यों थी। प्रवीण कुमार ने खुलासा किया कि मेरठ के करीब होने के कारण उन्होंने शुरू में दिल्ली डेयरडेविल्स में शामिल होना पसंद किया। हालांकि, आरसीबी के साथ अनजाने में एक कॉन्ट्रैक्ट साइन करने के कारण वो ऐसा नहीं कर पाए। जब उन्होंने अपनी बात रखने के लिए ललित मोदी से संपर्क किया, तो तत्कालीन आईपीएल आयुक्त ने उनका करियर खत्म करने की धमकी दी। प्रवीण कुमार ने कहा, मैं आरसीबी के लिए नहीं खेलना चाहता था क्योंकि बैंगलोर मेरे स्थान से काफी दूर था, मुझे अंग्रेजी नहीं आती थी और खाना मेरी पसंद का नहीं था। दिल्ली मेरठ से काफी करीब है, जिससे मुझे कभी–कभार अपने घर जाने का समय भी मिल जाता। हालांकि, वहां एक व्यक्ति था जिसने मुझसे एक कागज पर हस्ताक्षर करवाए। मुझे नहीं पता था कि यह अनुबंध था। मैंने उनसे कहा कि मैं दिल्ली के लिए खेलना चाहता हूं, बैंगलोर के लिए नहीं। ललित मोदी ने मुझे फोन किया और धमकी दी कि वो मेरा करियर खत्म कर देंगे। इसी इंटरव्यू में उन्होंने बॉल–टेम्परिंग के मुद्दे को संबोधित करते हुए कहा कि यह खिलाड़ियों के बीच एक व्यापक प्रथा है। उन्होंने बताया कि पाकिस्तानी गेंदबाज रिवर्स स्विंग हासिल करने की अपनी क्षमता बढ़ाने के लिए अक्सर इसमें शामिल होते थे। हर कोई इसे थोड़ा बहुत करता है। पाकिस्तानी गेंदबाज इसे थोड़ा अधिक करते हैं। यही मैंने सुना है। अब, हर जगह कैमरे हैं। पहले, हर कोई ऐसा करता था।

## श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला खेलेगी अफगानिस्तान

काबुल ,अफगानिस्तान फरवरी 2024 में श्रीलंका और आयरलैंड के खिलाफ सभी प्रारूपों की श्रृंखला में भाग लेगी। अफगानिस्तान ने 2 फरवरी से 18 मार्च के बीच होने वाली दो अलग–अलग सभी प्रारूप श्रृंखलाओं की घोषणा की है।


टीम पहले 2 से 21 फरवरी तक एकमात्र टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी।

फिर, 28 फरवरी से 18 मार्च तक यूएई में इतने ही मैचों के लिए आयरलैंड की मेजबानी करेगी।

अफगानिस्तान का श्रीलंका दौरा 2 से 6 फरवरी तक कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट ग्राउंड में एकमात्र टेस्ट मैच के साथ शुरू होगा। इसके बाद 9,11 और 14 फरवरी को आर. प्रेमदासा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन वनडे मैच खेले जाएंगे।

जबकि, कोलंबो में तीन टी20 मैच 17, 19 और 21 फरवरी को दांबुला अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जाएंगे।

अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के सीईओ नसीब खान ने अगले कुछ महीनों के लिए अफगानिस्तान के एक्शन से भरपूर सीजन् पर खुशी व्यक्त की। जो जून में कैरेबियन और यूएसए में आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए टीम की पूरी तैयारी में मदद करेगा।



## वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट, वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

मेलबर्न ,ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए टीम घोषित कर दी है। टीम 17 दिसंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो टेस्ट मैचों की सीरीज का पहला मुकाबला खेलेगी, जिसमें कैमरून ग्रीन भी नजर आएंगे।

मैट रेन्शॉ को, जिन्हें वार्नर ने अपने संभावित उत्तराधिकारी के रूप में चुना था, टेस्ट खेल चुके सलामी बल्लेबाजों मार्कस हैरिस और कैमरून बैनक्रॉफ्ट के मुकाबले तरजीह देते हुए टेस्ट टीम में शामिल किया गया है लेकिन 27 वर्षीय रेन्शॉ को अभी भी प्लेइंग–11 में जगह बनाने के लिए इंतजार करना होगा क्योंकि राष्ट्रीय चयन पैनल के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने ऑस्ट्रेलिया की शुरुआती प्लेइंग–11 में ऑलराउंडर ग्रीन की वापसी की पुष्टि की है।ऑस्ट्रेलिया के चीफ सेलेक्टर जॉर्ज बैली ने कहा, ह्यकैमरन ग्रीन पहले टेस्ट की प्लेइंग–11 में शामिल रहेंगे। उनके साथ मैट रेन्शॉ और स्कॉट बोलैंड को भी टीम में जगह मिली है।



टीम में देश के छह सर्वश्रेष्ठ बैटर्स को चुना गया है इसलिए वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में टीम को कोई परेशानी नहीं होगी।

स्कॉट बोलैंड और मैट रेन्शॉ बीबीएल में मेलबर्न स्टार्स (15 जनवरी) और ब्रिस्बेन हीट (13 जनवरी) के लिए खेलने के बाद टीम में शामिल होंगे। वनडे और टेस्ट से रिटायरमेंट ले चुके डेविड वॉर्नर की जगह स्टीव स्मिथ टेस्ट में ओपनिंग करते नजर आएंगे। स्टीव स्मिथ टेस्ट में पहली बार ओपनिंग करेंगे। सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच के समापन पर बोलते हुए स्मिथ ने भूमिका में रुचि दिखाई और ऐसा माना जाता है कि उस्मान ख्वाजा के साथ जुड़ने की उनकी उत्सुकता ने ऑस्ट्रेलियाई चयन पैनल के विचारों को प्रभावित किया है। इस बीच, स्मिथ वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 फरवरी से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए एक बार फिर कप्तानी करते नजर आएंगे। ट्रैविस हेड उनके डिप्टी के रूप में काम करेंगे। अनकैप्ड तेज गेंदबाज लांस मॉरिस को एरोन हार्डी, मैट शॉर्ट, झाय रिचर्डसन और नाथन एलिस के साथ 13 सदस्यीय टीम में नामित किया गया है।

टेस्ट कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड के साथ–साथ ऑलराउंडर मार्श को वनडे सीरीज से आराम दिया गया है।

टेस्ट टीमः पैट कमिंस (कप्तान), स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लायन, मिचेल मार्श, मैट रेन्शॉ, स्टीव स्मिथ और मिचेल स्टार्क।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail:
nagendra.uniyal@gmail.com